विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 114 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 24 जनवरी 2025 डाक 25 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**
आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले डोर-टू-डोर अभियान का नेतृत्व किया



**देश-विदेश**
कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी में रतन टाटा को दी जाएगी श्रद्धांजलि



**फीचर**
तेजस्वी प्रकाश जैसी ग्लोइंग स्किन चाहिए, तो एक्ट्रेस का बताया हुआ होममेड फेस पैक कैसे बनाएं



# महाराष्ट्र के भंडारा में ऑर्डनेंस फैक्ट्री में धमाका, मलबे में कई लोग दबे, एक की मौत

**भंडारा, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के भंडारा स्थित आयुध कारखाने में आज सुबह कई विस्फोट होने की बात सामने आई है। ये दुर्घटना सुबह-सुबह हुई है। जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में एक के बाद एक कई धमाके हुए जिसमें अब तक पांच लोगों की मौत हो गई और 7 कर्मचारियों के लिए खोज और बचाव कार्य जारी है। नागपुर के पीआरओ डिफेंस के अनुसार, बचाव और चिकित्सा दल जीवित लोगों की तलाश में तैनात हैं और बचाव कार्य जारी है। भंडारा के कलेक्टर संजय कोलते ने बताया कि आयुध कारखाने जवाहर नगर



भंडारा में हुए विस्फोट के बाद मौके पर दमकल और एंबुलेंस मौजूद है। फिलहाल बचाव अभियान जारी है। हादसे में छत गिर गई है जिसे जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है। मलबे में कुल 12 लोगों के दबे होने की सूचना है, वहीं 2 लोगों को बचा लिया गया है।

जिला कलेक्टर संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब 10.30 बजे परिसर में हुआ। उन्होंने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित कारखाने के एलटीपी सेक्शन में हुआ। अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के समय सेक्शन में 14 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमें से तीन को जिंदा बचा लिया गया और पांच की मौत हो गई।

## टीडीएस के खिलाफ दायर याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय जाने को कहा

**नईदिल्ली, 24 जनवरी ।**

सुप्रीम कोर्ट ने टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) के



खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने को कहा है।

# MUDA घोटाला: लोकायुक्त की क्लीन चिट के बारे में नहीं पता: सीएम सिद्धारमैया

**कर्नाटक, 24 जनवरी [एजेंसी]।**



मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि उन्हें MUDA (मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण) घोटाले में लोकायुक्त द्वारा क्लीन चिट दिए जाने की जानकारी नहीं है। इस घोटाले ने राज्य की राजनीति में भारी हलचल मचा दी थी। इस घोटाले में MUDA ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के नाम पर अवैध रूप से भूखंडों का अधिग्रहण करने का आरोप लगाया था। सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने इस घोटाले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरटीआई कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा द्वारा मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाली अपील पर 27 जनवरी को सुनवाई करने वाले उच्च न्यायालय ने लोकायुक्त पुलिस को तब तक जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था।

जांच करने वाली लोकायुक्त पुलिस ने अब जांच पूरी कर रिपोर्ट तैयार कर ली है। इस रिपोर्ट में सीएम और उनकी पत्नी के खिलाफ बयान का समर्थन करने वाला कोई सबूत नहीं है। बताया जाता है कि अधिकारियों ने गलती से रिपोर्ट दे दी थी। इसे अभी तक अदालत में पेश नहीं किया गया है। इस घटनाक्रम के बारे में मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए सिद्धारमैया ने अपने अंदाज में कहा, मुझे कुछ नहीं पता... मुझे कुछ नहीं पता।

## अनंत सिंह फायरिंग मामले में पुलिस का एक्शन सोनू सिंह सहित दो लोगों को किया गिरफ्तार



**पटना, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

मोकामा के पंचमहला थानांतर्गत नौरंगा जलालपुर गांव में पूर्व विधायक अनंत सिंह और सोनू-मोनू गिरोह के बीच हुई गोलीबारी की घटना में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले में सोनू सिंह को आज सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, अनंत सिंह के समर्थक रौशन को भी गिरफ्तार किया गया है। पटना ग्रामीण एसपी ने की दो लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

# महाराष्ट्र को जल्द ही तीसरा उपमुख्यमंत्री मिलेगा, शिंदे गुट पर संजय राउत पर बड़ा हमला

**मुंबई, 24 जनवरी [एजेंसी]।**



शिवसेना (उद्धव बाला साहब ठाकरे) नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र की सियासत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई के डर से लोग भाजपा के साथ खड़े हो गए हैं। देखिएगा महाराष्ट्र को जल्द ही तीसरा उपमुख्यमंत्री मिलेगा। यह शिवसेना की शिंदे गुट से ही होगा। उद्धव ठाकरे के गुट को कमजोर बताए जाने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि एकसा आरोप लगाने वाले अपनी चिंता करें।

वे डर की वजह से सत्ता पक्ष का साथ दे रहे हैं। वे दिल्ली के इशारे पर काम कर रहे हैं। सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन हम यहां मजबूती से खड़े हैं। इससे पहले संजय राउत ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, मेरे मन में संदेह है कि 2026 के बाद केंद्र सरकार बचेगी या नहीं। मुझे लगता है कि मोदी अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेंगे और एक बार केंद्र सरकार अस्थिर हो गई तो इसका असर महाराष्ट्र पर भी पड़ेगा।

संजय राउत ने संवाददाताओं से बात करते हुए उन अटकलों को खारिज कर दिया था कि नवंबर 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद शिवसेना (यूबीटी) के कुछ नेता पार्टी छोड़ सकते हैं। दरअसल, वे शिवसेना (यूबीटी) के राजापुर के पूर्व विधायक राजन साल्वी के उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी छोड़ने की चर्चा पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

## नेशनल हाइवे पर खड़े ट्रक से जा टकराई बस एक बच्ची की मौके पर हुई मौत, 43 यात्री घायल



**महासमुंद, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर के समीप नेशनल हाइवे 53 पर आज अलसुबह यात्री बस खड़े ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना में बस में सवार एक बच्ची की मौत हो गई, वहीं 43 यात्रियों को चोट आई है, जिनमें से 19 लोगों की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार, बस क्रमाम क CG 23 N 2400 दुर्ग से पुरी जा रही थी। रास्ते में सुबह करीबन चार बजे सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर से करीबन 200 मीटर की दूरी पर खड़े ट्रक से बस जा भिड़ी। दुर्घटना के तुरंत बाद यात्रियों की चीख-पुकार शुरू हो गई।

# अरे बाप रे! पंजाब में फर्जी गांव बसाकर मनरेगा में किया 43 लाख का घोटाला, अधिकारियों के उड़े होश




**फिरोजपुर, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

पंजाब के फिरोजपुर में फर्जी गांव बसाकर मनरेगा में 43 लाख रुपये घोटाले का मामला सामने आया है। फाइलों में फर्जी गांव बसाकर मनरेगा योजना में 43 लाख रुपये के घोटाला करके एडीसी (विकास) कार्यालय के कर्मचारी छह महीने तक इसे दबाकर बैठे रहे। यह मामला साल 2018-19 का है। इसके तहत न्यू गट्टी राजोके नाम से फर्जी गांव दिखाकर पहले 140 मजदूरों को मनरेगा जॉब कार्ड बनाए गए और फिर उनके विभिन्न कार्य करवाने के नाम पर 43 लाख रुपये का भुगतान किया गया। घोटाले का राजफाश होने के बाद एडीसी विकास लखबिंदर सिंह ने राजस्व विभाग से रिपोर्ट मांगी है। पूछा है कि क्या नवीं गट्टी राजोके व न्यू गट्टी राजोके दो अलग-अलग गांव हैं। एक सप्ताह बाद भी राजस्व विभाग ने एडीसी को रिकॉर्ड नहीं सौंपा है। एडीसी (वि.) लखबिंदर सिंह रंधावा ने बताया कि वे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं, लेकिन राजस्व विभाग का रिकॉर्ड न मिलने के कारण गांव की स्थिति के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। आरटीआई में घोटाले का पर्दाफाश 15 जुलाई, 2024 को ही हो गया था, लेकिन करीब छह महीने से अधिकारी इसे छुपाते रहे। कुछ महीने पहले एडीसी (वि.) का पद संभालने वाले लखबिंदर सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की है। फर्जी गांव आरटीआई एक्टिविस्ट गुरदेव सिंह के सवालों के जवाब में सामने आया था।

राजस्व रिकॉर्ड में फिरोजपुर ब्लाक में गट्टी राजोके व नवीं गट्टी राजोके दो गांव हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों ने न्यू गट्टी राजोके के नाम से फर्जी गांव बनाकर उसकी डोंगल भी बना ली। एक अधिकारी ने तो यह तक कह दिया क्या वे कई कर्मचारियों को फांसी पर लटका दें। अधिकारियों ने नवीं गट्टी राजोके में मनरेगा योजना में 35 प्रोजेक्ट पर काम कराया, जबकि फर्जी गांव न्यू गट्टी राजोके में मजदूरों से 55 प्रोजेक्ट पर काम दिखाया गया। 140 मजदूरों के मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर उनसे किसान शेल्टर, धुस्सी बांध निर्माण, प्राइमरी स्कूल की चारदीवारी बनाने, पौधारोपण आदि के काम रिकॉर्ड में दर्ज कर 43 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया।


## उत्तरकाशी में सुबह-सुबह दो बार महसूस किए गए भूकंप के झटके, वरुणावत पर्वत से गिरा मलबा



**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी और आसपास के कई इलाकों में शुक्रवार को दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। दहशत के चलते लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों में भय का माहौल है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सभी तहसीलों से जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि पहले सुबह करीब 7 बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप के कारण वरुणावत पर्वत के भूस्खलन जोन से मलबा और पत्थर गिरे।

इसके बाद दोबारा 8 बजकर 19 मिनट पर फिर झटके महसूस हुए, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.5 रही। भूकंप का केंद्र जमीन से पांच किमी नीचे उत्तरकाशी में था। बिष्ट ने अधिकारियों को जिले की सभी तहसील क्षेत्रों में भूकंप के असर के बारे में सूचना जुटाने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल जिले में कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

# अमेरिका में संविधान संशोधन की तैयारी, मंजूरी मिली तो ट्रंप तीसरी बार भी राष्ट्रपति पद के दावेदार होंगे



**वॉशिंगटन, 24 जनवरी ।**

अमेरिका में संविधान संशोधन की तैयारी हो रही है और अगर यह संशोधन मंजूर हुआ तो फिर अमेरिका में राष्ट्रपति का कार्यकाल तीन बार का हो जाएगा। अभी यह दो बार है। इस संविधान संशोधन का फायदा मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मिल सकता है। ट्रंप का यह दूसरा कार्यकाल है और मौजूदा कानून के तहत अब वे तीसरी बार राष्ट्रपति नहीं बन सकेंगे, लेकिन अगर संविधान संशोधन हो जाता है तो ट्रंप का तीसरी बार भी राष्ट्रपति बनने का रास्ता साफ हो जाएगा। अमेरिका की सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी के एक सांसद ने अमेरिकी कांग्रेस में एक संयुक्त सदन प्रस्ताव पेश किया है, जिसके तहत अमेरिकी संविधान में संशोधन की मांग की गई है। संशोधन के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यकाल तीन बार का हो सकेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से यह प्रस्ताव पेश किया गया है। प्रस्ताव पेश करते हुए सांसद एंडी ओगल्स ने कहा कि इस संशोधन के बाद राष्ट्रपति ट्रंप तीसरी बार भी राष्ट्रपति बन सकेंगे और देश को एक मजबूत नेतृत्व सुनिश्चित हो सकेगा, जिसकी हमारे देश को बहुत जरूरत है।

## बड़ा हादसा राजनांदगांव में, 25 बस यात्री घायल



**राजनांदगांव।** जिले में राजनांदगांव से घुमका जा रही बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार 25 से अधिक यात्रियों को चोटें आई है। घायलों को जिला मेडिकल कॉले में भर्ती कराया गया है, जहां सभी का इलाज जारी है। यह हादसा तिलाई के पास हुआ। बस राजनांदगांव से घुमका जा रही थी, तभी यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चिखली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा कि बस जागीरदार ट्रेवल्स की है।

## जवान घायल, गणतंत्र दिवस परेड की फाइनल रिहर्सल के दौरान घटना

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस परेड की फ़ाइनल रिहर्सल पर अश्वारोही दल का एक जवान अचाानक घोड़े के उपर से गिर पड़ा। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। करतब दिखाते समय अचानक बैलेंस बिगड़ा और जवान नीचे गिर गया। और फिर उठ नहीं पाया। गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड का लाइव प्रसारण किया जाता है। इसका लाइव प्रसारण टीवी पर दूरदर्शन पर होता है। जबकि ऐसे ही आप इसका लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी देख सकते हैं। यहां पर आप 26 जनवरी को होने वाली परेड बिल्कुल लाइव नजर आने वाली है। परेड सुबह 10.30 बजे से शुरू हो जाएगी। ऑल इंडिया रेडिया पर भी इसका लाइव प्रसारण होगा। लैपटॉप, मोबाइल फोन पर भी आप इसे देख सकते हैं। यानी किसी भी डिवाइस में स्ट्रीमिंग कर सकते हैं।

## गुजरात के आणंद में फैक्टरी पर एटीएस की छापेमारी करोड़ों रुपये की ड्रग्स के साथ पांच लोग गिरफ्तार



**अहमदाबाद ।** गुजरात में आणंद जिले के खंभात में एक ड्रग निर्माण फैक्टरी पर छापेमारी की गई। डीआईजी एटीएस सुनील जोशी ने बताया कि एटीएस की कार्रवाई में करोड़ों रुपये की ड्रग्स बरामद की गई है। इसके साथ ही पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने आनंद जिले में अल्प्राजोलम बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। यहां से 107 करोड़ रुपये की प्रतिबंधित दवा के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपियों ने खंभात शहर के पास एक फैक्टरी किराए पर ली थी। यहां नींद की गोलियों में इस्तेमाल होने वाले पदार्थ अल्प्राजोलम का उत्पादन किया जा रहा था। सहायक पुलिस आयुक्त (एटीएस) हर्ष उपाध्याय ने बतायास कि अल्प्राजोलम एक तरह का मादक पदार्थ है। इसके दुरुपयोग की वजह से यह नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के दायरे में आता है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस ने गुरुवार शाम को फैक्टरी पर छापा मारा और 107 करोड़ रुपये मूल्य का 107 किलोग्राम अल्प्राजोलम के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया। उपाध्याय ने बताया कि केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) अल्प्राजोलम के उत्पादन के लिए लाइसेंस जारी करता है। यह दवा भी एनडीपीएस अधिनियम के दायरे में आती है।

डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
MENS LADIES KIDS ETHENIC
New Wedding Collection
Sherwani I Blazer
Coatsuit I IndoWestern
Up to 50% Discount
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## विधायक के बेटे ने पुलिस से की बदतमीजी, दिखाने लगा धौंस



**नईदिल्ली, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान के बेटे की बुलेट बाइक दिल्ली पुलिस ने जब्त कर ली है। दरअसल, पुलिस ने आप विधायक के बेटे को रॉन्ग साइड बाइक चलाने पर रोका था।

जब उससे लाइसेंस और ऋण की मांग की गई तो वह दोनों ही चीजें नहीं दिखा पाया। आरोप है कि उसने पुलिसकर्मियों से कहा कि हमारे पापा विधायक हैं, ऐसे कैसे चालान काट दोगे। पुलिस के मुताबिक,आगामी गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को देखते हुए जामिया नगर के एएसआई और एसएचओ अपने स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग कर रहे थे।

जब वे बाटला हाउस में नफीस रोड पर पहुंचे तो बुलेट पर सवार दो लड़के रॉन्ग साइड आते दिखे। बाइक पर मॉडिफाई साइलेंसर लगा हुआ था, जिससे काफी तेज आवाज आ रही थी। लड़के बाइक जिगजैग करते हुए लापरवाही से चला रहे थे।

# जिला अंत्यावसायी अंतर्गत 735 बकायादार हितग्राही नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए होंगे अपात्र

## चुनाव लड़ने के लिए बकाया ऋण राशि जमा कर मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा

## कलेक्टर ने एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ को दिए निर्देश

**कोरबा** । जिला अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में स्व रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से कम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर समय पर ऋण की किश्त जमा नही करने वाले जिले के लगभग 735 बकायादार हितग्राही नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। ऐसे बकायादारों को निर्वाचन लड़ने से पूर्व अन्त्यावसायी विभाग में बकाया ऋण राशि जमा करते हुए ऋण मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। कलेक्टर ने इस संबंध में सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और नगरीय निकायां के मुख्य नगर पालिका अधिकारियां को पत्र प्रेषित कर नामांकन दाखिल के दौरान ऐसे बकायादारों का नाम मिलान करते हुए बकाया राशि जमा करने व ऋण मुक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही नामांकन दाखिल लेने के निर्देश दिए हैं।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कोरबा से प्रापत जानकारी अनुसार राष्ट्रीय निगम की विभिन्न योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछड़ा वर्ग, सफाई कामगार वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित कर आय संवर्धन करने हेतु कम ब्याज दर पर ऋण प्रदाय किया गया है,



किन्तु अनेक हितग्राहियों द्वारा उक्त वितरित ऋण से पर्याप्त आय अर्जित करने व ऋण राशि कालातीत होने के पश्चात् भी प्रदाय ऋण राशि को जमा करने में रूचि नही ले रहे हैं। निगम मुख्यालय रायपुर द्वारा छ0ग0 शासन की गारंटी पर राष्ट्रीय निगम की विभिन्न योजनान्तर्गत ब्याज दर पर राशि प्राप्त कर हितग्राहियों को ऋण प्रदाय की गई है। जिसे मय ब्याज सहित वापस किया जाना होता है। ऋण लेकर कई वर्षो से ऋण किश्त जमा नही करने वाले 735 बकायादार हितग्राही है। इन लोगो पर विभाग द्वारा प्रदाय किये गये 6.97 करोड़ रूपये का ऋण बकाया है। इन बकायादारों को पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद आदि पदों पर चुनाव लड़ने के लिये अंत्यावसायी विभाग में बकाया ऋण राशि जमा करते हुए ऋण मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने इस संबंध मे पत्र प्रेषित कर सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकाय के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बकायादार हितग्राहियों द्वारा चुनाव लड़ने हेतु नामांकन दाखिल करने के लिए उपस्थित होंगे, तब उन बकायादार हितग्राहियों को बकाया राशि जमा करने के उपरान्त प्राप्त ऋण मुक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने व बकाया राशि जमा करने के बाद उनका नामांकन दाखिल किया जाएं।

# धान खरीदी में अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई

**कोरबा** । खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले के 65 धान खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाए रखने के लिए जिला कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने सभी केन्द्रों के सतत निरीक्षण एवं निगरानी के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिला स्तरीय निरीक्षण दलों के द्वारा धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। हाल ही में धान खरीदी केन्द्र उतरदा (विकासखंड पाली) और कुल्हरिया (विकासखंड पोड़ीउपरोड़ा) के निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। धान खरीदी केंद्र उतरदा में कुल 3684.00 क्विंटल धान (9210 बोरे) सत्यापन में कम पाया गया। 581 नए जूट बारदाने कम और 1195 पुराने बारदाने अधिक मिले।

# सीएसईबी ग्राउंड में गणतंत्र दिवस की तैयारियों का कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण

## मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश



**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्दार्थ तिवारी ने सीएसईबी ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी तैयारियों को समय में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर पालिक निगम को आयोजन स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे, पीडब्ल्यूडी ईई श्री जी आर जांगडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में सीएसईबी कोरबा फुटबॉल ग्राउंड में आज गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन सीएसईबी कोरबा फुटबॉल ग्राउंड में किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी हो गई है। अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान परेड निरीक्षण, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरो से परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयेजन, झांकी प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण के संबंध में पूर्वाभ्यास किया गया। मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं विभागों के शासकीय योजनाओं से सम्बंधित झाँकी का प्रदर्शन किया जाएगा।

# गड्ढे के कारण ट्रेलर-कार में हुई जबरदस्त टक्कर-चालक घायल

**कोरबा** । कोरबा-पश्चिम क्षेत्र ढेलवाडीह-बांकीमोंगरा के बीच बदहाल सड़क पर गड्ढे से बचने के चक्कर में ट्रैलर ने रॉग साइड से वाहन काटा तो सामने से आ रही स्कॉर्पियो टकरा गई। दुर्घटना में स्कॉर्पियो के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एयरबैग खुलने से चालक बच गया उसे हल्की चोट पहुंची।

जानकारी के अनुसार उक्त दुर्घटना सुतर्रा-बांकीमोंगरा मार्ग पर सिंघाली-ढेलवाडीह के बीच घटित हुई। जहां ट्रैलर दीपका की ओर से कोयला लेकर बिलासपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान सुतर्रा से बांकीमोंगरा के बीच सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से ट्रैलर का चालक दूसरे साइड से वाहन काटते हुए ले जा रहा था। सिंघाली-ढेलवाडीह के बीच इसी तरह चालक ने गड्ढे के पास ट्रैलर को आगे बढ़ाया तो विपरीत दिशा सुतर्रा की ओर से स्कॉर्पियो वाहन आ गया। ट्रेलर के पिछले चक्के की ओर से स्कॉर्पियो टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। एयरबैग खुलने से बांकीमोंगरा निवासी स्कॉर्पियो चालक बाल-बाल बच गया। उसे हल्की चोट पहुंची। दूसरी ओर ट्रैलर बेकाबू होकर सड़क के दूसरी ओर उतर गया।

# रावत नाचा हमारी संस्कृति-परंपरा को जीवित रखते हुए शौर्य और साहस को पहचान देता है : पार्षद नरेंद्र देवांगन

**कोरबा** । रावत नाचा महोत्सव हमारे संस्कृति और पुरातन परंपरा को जीवित रखते हुए समाज में शौर्य और साहस की भावना का संचार करता है, यह शौर्य और साहस को पहचान देता है।

उक्त कथन यह कोरबा-पश्चिम क्षेत्र बलगी में आयोजित रावत नाचा महोत्सव में यादव समाज के योगदान को चित्रित करते हुए वार्ड 16 के पार्षद एवं भाजयुमो महामंत्री नरेंद्र देवांगन ने कहीं। इस अवसर के मुख्य अतिथि रहे पार्षद श्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रावत नाच महोत्सव हमारे संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो हमारे एकता और समाज में शौर्य को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच और माध्यम है, रावत नाथ महोत्सव हमारे संस्कृति और पुरातन परंपरा को जीवित रखते हुए समाज में शौर्य और साहस की भावना का संचार करता है, यह शौर्य और साहस को पहचान देता है। र्षद नरेंद्र देवांगन ने आगे कहा कि यादव समाज ने बताया कि उनके भवन की आवश्यकता तो पूरी हो गई पर सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल की भी दरकार है। प्रदेश के श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के आदेश से उनके प्रतिनिधि के तौर पर इस मंच से मैं बाउंड्री के लिए 5 लाख की घोषणा करता हूं। श्री देवांगन ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति के लिए शिक्षा और संस्कृति का संरक्षण बेहद ही महत्वपूर्ण होता है। शिक्षा और संस्कृति से परिवार और समाज दोनों को मजबूती मिलती है और फिर हमारा चहुंमुखी विकास होता है। उन्होंने आयोजक समिति की सराहना की। महोत्सव में शौर्य प्रदर्शन करने वाले सदस्यों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि समाज के युवा जिस तरह अपनी ऐतिहासिक परंपरा को कायम रख रही है, उससे आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहेगी।

## महासंघ ने नवपदस्थ कार्यपालन अभियंताओं से की मुलाकात

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ कोरबा वृत्त के प्रतिनिधियों ने शहर संभाग में नवपदस्थ कार्यपालन अभियंता रोशन लाल वर्मा तथा ग्रामीण संभाग कोरबा में नवपदस्थ कार्यपालन अभियंता शत्रुघन कुमार सोनी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान कोरबा वृत्त के सचिव व प्रदेश मंत्री यशवंत राठौर ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का परिचय कराते हुए कर्मचारी समस्याओं के समाधान के सहयोग की अपेक्षा करी।

# वीआईपी ट्रीटमेंट पर वकील ने रखा पक्ष

**कोरबा**। हाई कोर्ट के वकीलं अजय शर्मा में बताया कि व अपनी मेरी पत्नी श्रीमती मंजू शर्मा, पुत्र अभिजीत व अन्य रिश्तेदारों के साथ महाकुम्भ स्नान के लिए प्रयागराज गया था दिनांक 12/01/25 को मेले में अनाउंस हो रहा था कि कोरबा निवासी विक्रम जायसवाल अक्षय वट के पास बेहोश हो गए हैं यदि कोई रिश्तेदार या परिचित मेला परिसर हो तो केंद्रीय चिकित्सालय सेक्टर/2 आई सी यू वार्ड में संपर्क करे, जिसे सुनकर हम चित्सालय पहुंचे वहां हमारा परिचय पूछा गया मैने बताया कि मैं अजय शर्मा अधिकता उच्च न्यायालय बिलासपुर हूं एवं मेरी पत्नी मंजू शर्मा जिला कार्यालय कोरबा में की रीडर है।

पश्चात हम में गए वहां विक्रम बेहोश थे। फीस के बारे में पूछने पर हमे डॉक्टरों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मेले में बीमार हुए सभी मरीजों के लिए बिना भेदभाव के निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था है। विक्रम बेहोश थे अतः यह कहना कि स्वयं को बताकर ट्रीटमेंट लिया गया यह असत्य एवं वास्तविकता से परे है ।

# निगम द्वारा स्थापित समस्त स्ट्रीट लाईटें अनिवार्य रूप से जलें-नगर निगम आयुक्त

## आयुक्त आशुतोष पांडेय ने रात्रिकालीन भ्रमण कर सड़क रोशनी व्यवस्था व रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का किया

**कोरबा** । कोरबा जिला नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत निगम द्वारा सड़क रोशनी व्यवस्था अंतर्गत स्थापित की गई सभी स्ट्रीट लाईटें अनिवार्य रूप से जले, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि यदि तकनीकी कारणवश स्ट्रीट लाईटें बंद होती है तो इन तकनीकी कारणों का तत्काल निराकरण कराएं, ताकि सड़कों पर अंधेरा न रहें। सार्वजनिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के क्षेत्रों में यदि स्ट्रीट लाईटें बंद होने की जानकारी मिलती है तो उन्हें भी इस संबंध में पत्र लिखें। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने निगम के अधिकारियों के साथ रात्रिकालीन भ्रमण कर शहर की सड़क रोशनी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने तानसेन चौक, शास्त्री चौक, सुभाष चौक, निहारिका, घंटाघर तथा इसके अंदरूनी क्षेत्रों, बुधवारी, सीएसईबी चौक, टी.पी. नगर, पावर हाउस रोड, कोरबा पुराना शहर होते हुए सीतामणी गौमाता चौक तक एवं साथ-साथ विभिन्न अंदरूनी व आवासीय क्षेत्रों का भ्रमण कर सड़क रोशनी व्यवस्था का निरीक्षण किया, कुछ स्थानों पर तकनीकी कारणों से बंद स्ट्रीट लाईटों को देखकर उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तत्काल तकनीकी कारणां का निराकरण कर स्ट्रीट लाईट जलवाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि निगम द्वारा स्थापित समस्त स्ट्रीट लाईटें अनिवार्य रूप से जलें। उन्हेने कहा कि संबंधित अभियंता नियमित रूप से रात्रिकालीन भ्रमण कर स्ट्रीट लाईटों की स्थिति को देखें तथा जहाँ कहीं भी स्ट्रीट लाईटें बंद दिखे उन्हें जलाने के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें।

**लोगों की मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया**

कोरबा शहर सहित निगम के विभिन्न उपनगरीय क्षेत्रों, मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों में रात्रिकालीन सड़क रोशनी व्यवस्था हेतु निगम द्वारा स्ट्रीट लाईटें लगाई गई हैं। सीएसईबी चौक से दर्री तक फोरलेन सड़क में स्थापित स्ट्रीट लाईट के संबंध में वहाँ के रहवासियों ने अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, पुरानी बस्ती कोहड़िया निवासी डॉ. विनय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सीएसईबी चौक से दर्री बराज तक निगम द्वारा रात्रिकालीन सड़क रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, सभी लाईटें प्रतिदिन निर्धारित समय पर जलती हैं, जिससे आने-जाने वालों को रात्रि में पर्याप्त रोशनी सड़क पर मिलती है। इसी प्रकार शिवनगर निवासी समयसिंह मनोहर ने कहा कि सभी स्ट्रीट लाईटें नियमित जलती है, यदि कभी तकनीकी कारणों से कोई स्ट्रीट लाईट बंद होती है तो निगम का अमला तत्काल सुधार कार्य करता है, इस मार्ग पर सड़क रोशनी की अच्छी व्यवस्था निगम ने की है, जिसके लिए मैं निगम प्रशासन को बधाई व धन्यवाद देता हूँ।

**रात्रिकालीन सफाई कार्यो का निरीक्षण**

भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पांडेय ने निगम द्वारा कराए जा रहे रात्रिकालीन सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि शहर में सुबह के नियमित सफाई कार्यो के साथ-साथ निगम द्वारा विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था संचालित कराई जा रही है, जिसके तहत व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, दुकानों से उत्सर्जित व एकत्रित अपशिष्ट की साफ-सफाई व कचरे का उठाव, परिवहन तथा उसका समुचित प्रबंधन कराया जा रहा है, आयुक्त श्री पांडेय ने रात्रिकालीन सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**निगम की कर्मशाला का औचक निरीक्षण**

नगर निगम आयुक्त श्री पांडेय ने निगम की कर्मशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई कार्यो में संलग्न वाहनों व सिविल कार्यो में संलग्न वाहनों व मशीनों के कार्य पर निकलने के समय की जानकारी ली, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सफाई कार्य में संलग्न वाहन प्रातः 06 बजे कर्मशाला से निकलकर कार्य स्थलों पर पहुंचे। इसी प्रकार सिविल कार्यो में संलग्न वाहन व मशीन प्रातः 08 बजे कर्मशाला से निकासी करें तथा निर्धारित स्थलों पर पहुंचकर उनके द्वारा कार्यो का संपादन कराया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

# मुड़ापार स्थित हैलीपेड में बनाया जाएगा विजिटर रूम

कोरबा । कई दशक बाद अब अंचल के मुड़ापार क्षेत्र में स्थित हैलीपेड में वीआईपी ठहरने के लिए नगर निगम द्वारा 18 लाख 68 हजार रुपए की लागत से विजिटर रूम बनाया जाएगा। एसईसीएल द्वारा घंटाघर से मुड़ापार जाने वाले मार्ग के किनारे मस्जिद के पास मैदान में कई दशक पहले अस्थाई हैलीपेड का निर्माण कराया गया था। शहर के बीच स्थित होने की वजह से जिला बनने के बाद प्रशासन द्वारा हेलीकॉप्टर से वीआईपी के आगमन होने पर हैलीपेड का इस्तेमाल किया जाने लगा। खेल मैदान में अक्सर खेलकूद व अन्य कार्यक्रम होने के साथ ही शहर में जगह-जगह बिजली टॉवर व तार का जाल बिछे होने की वजह से हैलीपेड के लिए दूसरा उपयुक्त स्थान नहीं मिला।

ऐसे में मुड़ापार अस्थाई हैलीपेड में ही हेलीकॉप्टर की लैंडिंग होती है। हैलीपेड में मुख्य रूप से मंत्री, विधायक जैसे वीआईपी को लेकर आने वाले हेलीकॉप्टर ही उतरते हैं। लैंडिंग के बाद वीआईपी के कुछ देर ठहरने के लिए हैलीपेड पर किसी तरह का इंतजाम नहीं है। ऐसे में हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद वीआईपी को सीधे रेस्ट हाउस जाना पड़ता है। इसके मद्देनजर अब मुड़ापार हैलीपेड का उन्नयन किया जाएगा। नगर निगम द्वारा डीएमएफ से 18 लाख 68 हजार रुपए लागत से वीआईपी के ठहरने के लिए विजिटर रूम का निर्माण किया जाएगा। हेलीकॉप्टर से शहर में वीआईपी के पहुंचने से कई घंटे पहले आला अधिकारी व राजनीतिक पार्टियों के प्रमुख पदाधिकारी हैलीपेड पहुंच जाते हैं। जहां उन्हें खुले स्थान में घंटों तक इंतजार करते हुए खड़े रहना पड़ता है। विजिटर रूम बनने से हेलीकॉप्टर के आने से पहले तक उच्च अधिकारियों व नेताओं को वहां बैठकर इंतजार करने की व्यवस्था मिलेगी। वहीं हेलीकॉप्टर लैंडिंग के बाद वीआईपी भी भीड़ में जाने से पहले विजिटर रूम में कुछ देर ठहरकर फ्रेश हो सकेंगे।

## निगम प्रशासक व जिलाधीश करेंगे साकेत में ध्वजारोहण

कोरबा । नगर पालिक निगम कोरबा के प्रशासक व कलेक्टर अजीत वसंत 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय सहित निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा, यह आयोजन प्रातः 7.30 बजे रखा गया है, निगम प्रशासक व कलेक्टर अजीत वसंत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए ध्वजारोहण करेंगे।

# रोक्तिमा यादव बनी कोरबा जिला पर्यवेक्षक

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिकाओं व त्रिस्तरीय पंचायतों के आओम निर्वाचन 2024-25 के संचालन व प्रेक्षण कार्य के लिए जिलों में प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह 24 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रेक्षकों की बैठक लेकर चुनाव से संबंधित गतिविधियों के बारे में मार्गदर्शन देंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार आयुक्त उच्च शिक्षा जनक प्रसाद पाठक बलौदा बाजार-भाटापारा जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

इसी प्रकार सचिव वन शिखा राजपूत तिवारी को बस्तर, सचिव लोक आयोग विपिन मांझी को मुंगेली, सचिव धार्मिक न्यास व धर्मस्व के.डी. कुंजाम को रायगढ़, प्रबंध संचालक माटी कला बोर्ड जय प्रकाश मौर्य को महासमुंद, विशेष सचिव खेल तारण प्रकाश सिन्हा को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, संचालक आयुष इफ्फत आरा को रायपुर, संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा पुष्पा साहू को धमतरी, संचालक भू-अभिलेख विनीत नंदनवार को बिलासपुर, मिशन संचालक राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान जगदीश सोनकर को दुर्ग, प्रबंध संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को राजनांदगांव तथा संयुक्त सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. फरिहा आलम को जांजगीर-चांपा जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

संचालक समाज कल्याण रोक्तिमा यादव को कोरबा, उप सचिव उद्योग रेना जमील को गरियाबंद, मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिप्स कुमार विश्वरंजन को कांकेर, मुख्य वन संरक्षक (बांस मिशन) एस. वेंकटाचलम को बालोद, वन संरक्षक (कैम्पा) मुख्यालय अमिताभ बाजपेयी को बेमेतरा, क्षेत्रीय महाप्रबंधक राज्य वन विकास निगम लिमिटेड बिलासपुर मनोज कुमार पांडेय को सक्ती, क्षेत्रीय महाप्रबंधक राज्य वन विकास निगम लिमिटेड एम. मसीबला को मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, महाप्रबंधक राज्य लघु वनोपज संघ नवा रायपुर अटल नगर मनिवामगन एस को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा वन संरक्षक नवा रायपुर अटल नगर बी. विवेकानंद रेड्डी को को कबीरधाम क जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया है।

वनमंडलाधिकारी जगदलपुर शमा फारूकी को दंतेवाड़ा, संचालक वन विद्यालय जगदलपुर दिव्या गौतम को कोंडागांव, उप वन संरक्षक नवा रायपुर अटल नगर ग्रीष्मी चांद को सारंगढ़-बिलाईगढ़, अपर आयुक्त भू अभिलेख नवा रायपुर डॉ. संतोष देवांगन को सरगुजा, उप सचिव मंत्रालय अभिषेक अग्रवाल को सुकमा, उप सचिव मंत्रालय सुनील कुमार चन्द्रवंशी को जशपुर, उप सचिव मंत्रालय राम प्रसाद चौहान को नारायणपुर, उप सचिव संसदीय कार्य विभाग नीलम टोप्पो को बीजापुर, संयुक्त संचालक खेल युवा कल्याण यामिनी पाण्डेय को कोरिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सूडा दुष्यंत कुमार रायस्त को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, संयुक्त संचालक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी प्रणव सिंह को सूरजपुर तथा संयुक्त संचालक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी विभोर अग्रवाल को बलरामपुर- रामानुजगंज जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# उषा हो सकती है कांग्रेस की ओर से महापौर पद की उम्मीदवार

**कोरबा**। गुरुवार को कांग्रेस के प्रभारी पर्यवेक्षक गुरुमुख सिंह होरा की उपस्थिति में निकाय चुनाव के संबंध में हुई बैठक में महापौर और वार्ड पार्षद पद के दावेदारों ने अपना आवेदन सौंपा। जानकारी के अनुसार पर्यवेक्षक ने महापौर पद के दावेदारों से एक एक करके चर्चा भी की।

बता दे की में कांग्रेस नेत्री उषा तिवारी का नाम महापौर पद के दावेदार में सबसे ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मध्य न केवल चर्चा में हैं बल्कि योग्य उम्मीदवार भी बता रहे है । तिवारी के अलावा दो कांग्रेस नेत्री जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सपना चौहान और रेखा त्रिपाठी ने भी टिकट के लिए अपना आवेदन दिया। प्रदेश कांग्रेस को भेजे गए पैनल में यही तीन नाम हैं। बता दे कि जब राजकिशोर प्रसाद को महापौर का प्रत्याशी बनाया गया था तो कांग्रेस का यह निर्णय चौंकाने वाला था. यह चुनाव पार्षदों को करना था और भारी उठा पटक के बाद प्रसाद एक वोट से चुनाव जीत कर महापौर बने थे। इस बार भी इस बात की चर्चा जोरो पर है कि राजनीति नहीं हुई तो उषा तिवारी को टिकट मिलना लगभग तय है नहीं तो फिर एक बार कांग्रेस सबको चौका सकती है। वहीं दूसरी तरफ गुरुवार को बिलासपुर में संभागीय चयन समिति की बैठक में बीजेपी से पांच नामों का पैनल महापौर उम्मीदवार के रूप में प्रदेश संगठन को प्रेषित किए जाने की जानकारी मिली है। जिसमें आरती विकास अग्रवाल,वैशाली प्रवीण रत्नपारखी,ऋतु चौरसिया,कल्पना पटेल, संजूदेवी राजपूत का नाम शामिल होने की बात पार्टी सूत्रों ने बताई है।पार्टी द्वारा शुक्रवार को जिले के सभी नगरीय निकाय के महापौर,अध्यक्ष तथा पार्षद उम्मीदवार अधिकृत रूप से घोषित किए जा सकते है,

# दीपका नगरपालिका अध्यक्ष हेतु भाजपा ने राजेन्द्र पर जताया भरोसा

**दीपका**। कोरबा जिले की राजनीति मेंअहम स्थान रखने वाला दीपका नगरपालिका के अध्यक्ष पद सामान्य सीट पर भाजपा ने सामान्य वर्ग के उम्मीदवार राजेंद्र राजपूत पर भरोसा जताया है और उन्हें दीपका नगर पालिका के अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया है।राजेंद्र राजपूत के नाम की घोषणा की खबर आते ही कुछ भाजपाइयों की सांसे थम सी गई। एक बार फिर भाजपा ने साबित कर दिया कि उनके लिए संगठन सर्वोपरि है और उनका हर एक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है। टिकट के इस दौड़ में पूर्व खाद्य आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी ज्योति नंद दुबे के भाई मनोज दुबे, भाजपा नेता द्वारिका शर्मा, चार बार पार्षद रह चुके अरुणेश तिवारी, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष एवं प्रतिपक्ष नेता रहे युवा नेता अनूप यादव, महिला नेत्री बुधवारा देवांगन एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी मणि सिंह बाबा जिन्होंने पूर्व में हुए चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कड़ी टक्कर दी थी उन्होंने खुद बीजेपी से इस बार टिकट की दावेदारी की थी। कयास लगाया जा रहा था कि ओबीसी के उम्मीदवार को भी टिकट दिया जाएगा किंतु संगठन का निर्णय कल हुए कोरबा बैठक में समाप्त तौर पर स्पष्ट हो गया था कि साफ़ सीट पर सामान्य उम्मीदवार को ही टिकट दिया जाएगा।





## बदहाल सड़क के कारण हुई थी मौत, फिर भी मरम्मत में लापरवाही

**गोधना ।** ग्राम गोधना-कुकदा पहुंच मार्ग बदहाल है। इस पर ट्रैक्टर से गिरकर पहिए के नीचे दबने से मजदूर की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद विभाग ने मार्ग में मरम्मत की खानापूर्ति की। गड्ढे में डामर डालकर पेंच वर्क किया गया है। बता दे? कि बुधवार को ग्राम कनकपुर से ट्रैक्टर में ईंट लोड करके मजदूर बेल्हा ले जा रहे थे। गोधना-कुकदा पहुंच मार्ग पर गड्ढे से गुजरते समय ट्रैक्टर के हिचकोले खाने से मजदूर किशन नीचे गिरकर पहिए की चपेट में आ गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।



## अंधे मोड़ पर पलटा मिट्टी लोड हाइवा, ड्राइवर घायल

**जांजगीर।** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का असर नहीं हो रहा है। जिले में हर दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। बुधवार की रात मुलमुला सोनसरी मार्ग पर अंधा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार हाइवा पलट गया। हाइवा मिट्टी लोड कर सोनसरी से मुलमुला की ओर जा रहा है। तभी बंधवा तालाब मोड़ के पास ड्राइवर ने अंधा मोड़ के पास वाहन का अनियंत्रण खो दिया। हाइवा तालाब के किनारे पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर को सामान्य चोट आई है। इस मोड़ के पास कई बार हादसे हो चुके हैं। मोड़ के पास दुर्घटना रोकने व लोगों को अलर्ट करने बोर्ड नहीं लगाया गया है।

## कुकदा-सलखन पहुंच मार्ग का शुरू हुआ निर्माण, मिलेगी राहत

**गोधना।** आदर्श ग्राम कुकदा स्थित बायपास रोड कुकदा-सलखन पहुंच मार्ग का सीसीरोड निर्माण शुरू हो गया है। इसके पहले यह 200 मीटर का बाईपास रोड कच्ची सड़क था जिसमें बरसात के दिनों में कीचड़ भर जाने से आवागमन बंद हो जाता था। वहीं गर्मी के दिनों में इस रास्ते में लोग धूल से परेशान थे। इस रोड का भूमि पूजन ग्राम सरपंच शत्रुहन लाल साहू ने श्री फल तोड़कर किया। इस कार्यक्रम के दौरान मिस्त्री, मजदूर एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सीसी सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन करने में सुविधा होगी।

# बनाहिल में जल संकट से जूझ रहे लोगों ने किया चक्काजाम

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के बनाहिल गांव में पिछले 15 दिनों से गंभीर जल संकट की स्थिति बनी हुई है। बुधवार की सुबह सैकड़ों ग्रामीणों ने पामगढ़-बिलासपुर-अकलतरा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण बर्तन और बाल्टियां लेकर सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। इस चक्का जाम के कारण मुख्य मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीण जल संकट के स्थायी समाधान की मांग पर अड़े रहे।

जांजगीर चांपा जिले के बनाहिल गांव में जल संकट को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।



जांजगीर चांपा जिले के बनाहिल गांव में जल संकट को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

**भविष्य में बढ़ सकती है पानी की किल्लत**

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया और कई आवेदन भी दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीने के पानी की गंभीर किल्लत के कारण लोग परेशान हैं और भविष्य में स्थिति और भी गंभीर होने की आशंका है।

**सार्वजनिक हैंडपंप भी पूरी तरह से सूखे**

बता दें कि, अकलतरा जनपद पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 2, 3 और 4 के निजी और सार्वजनिक हैंडपंप पूरी तरह सूख चुके हैं। जिसके कारण ग्रामीणों ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया। नायब तहसीलदार और मुलमुला थाना प्रभारी के समझाइश के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।

## राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाई

**राहौद।** राम जन्मभूमि मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ फ्रेंड इंग्लिश मीडियम स्कूल राहौद में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत



मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र सिंग राज, विशिष्ट अतिथि मार्तंड देवांगन, परस देवांगन, श्रवण गुप्ता, सुरेश गुनी और डायरेक्टर एके राय ने की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी पर डांस, सोलो सांग शिव तांडव नृत्य, फनी गर्ल्स डांस आदि की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र सिंह राज ने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित व संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए व छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान कृष्णकांत पुष्पेंद्र, ईश्वर, मनिशा, प्रिया रतनी, बोबी सिंह, अन्नपूर्णा संगीत, मंजूषा सिंह, आरती, जगदीश कौशिक आदि मौजूद रहे।

## खड़ी ट्रॉलियों से टकराया लोडिंग आटो, 9 लोग घायल

**देवरी।** जयपुर -जबलपुर नेशनल हाईवे स्थित गोरखपुर के पास रात 8 बजे एक लोडिंग ऑटो सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रालियों से टकरा गया। इस हादसे में 9 लोग घायल हो गए, जिन्हें घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया। खमरिया निवासी राजेंद्र आदिवासी ने बताया कि बकतरा में 50 वर्षीय पिता आराम ठाकुर का दोपहर 2ः00 बजे गल्ला व्यापारी दास पटेल की दुकान पर हार्ट अटैक आने से निधन हो गया था। 2000 रुपए में लोडिंग ऑटो किराए पर करके पिताजी के शव को गांव लेकर जा रहे थे। जैसे ही वे गोरखपुर के पास पहुंचे तो एक ट्रक से बचने के चक्कर में लोडिंग ऑटो सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रालियों से टकरा गया। इस हादसे में सरोज, सुरेश, गंगाराम ,अम्मा ,रिंकू, पन्नू, संध्या और पूनम घायल हुई है।

# प्रधानमंत्री बीमा योजना की दावा राशि का हितग्राही को किया भुगतान

**अकलतरा।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक शाखा नरियरा द्वारा खाताधारक कृष्णा कुमारी कश्यप का दो लाख रुपए का बीमा कराया गया था। 13 अगस्त 2024 को दिल की बीमारी से कृष्णा कुमारी कश्यप की मौत हो गई। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक कुणाल सिंह सेंगर द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत मृत महिला के पति दुजराम कश्यप को उनके गृह ग्राम खपरी (पकरिया) में जाकर 2 लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। कुणाल सिंह सेंगर ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत खाताधारक



कृष्णा कुमारी कश्यप का एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस से बीमा करवाया गया था। महिला की मौत होने पर पति दुजराम कश्यप को राशि प्रदान की गई। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति जीवन बीमा योजना अंतर्गत 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की आयु वर्ग के लोग योजना का लाभ ले सकते है।



## जिला कोषालय अधिकारी को कलेक्टर तोपनो ने दी विदाई

सक्ती। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की उपस्थिति में सक्ती जिले में पदस्थ जिला कोषालय अधिकारी दशरथ सोनी का बलरामपुर जिले में स्थानांतरण होने पर विगत दिवस उन्हें विदाई दी गई। इस दौरान कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों ने उनके कार्यों और व्यवहार की सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## 30 लाख से बने बाजार शेड का चबूतरा बदहाल

**पंतोरा।** बाजार सेड निर्माण में जमकर धांधली की गई है। मिली जानकारी के अनुसार चबूतरा पहले से बना हुआ था, उसी में बीम डालकर चबूतरे को बना दिया गया है। इसमें कम लागत आने के बाद भी पूरा फंड खर्च दिखाकर निकाल लिया गया है।

ग्राम पंचायत पंतोरा में डीएमएफ फंड के 30 लाख से पुराने चबूतरे में ही बाजार शेड का निर्माण कार्य 3 महीने पहले पूरा कराया गया है और 3 महीने बाद ही शेड के चबूतरे की सूरत बिगड़ने लगी है। इंजीनियर ने इसका मूल्यांकन सत्यापन भी करा दिया है और शेड निर्माण कार्य का पूर्ण रूप से राशि का आहरण भी हो चुका है। मूल्यांकन करने आए इंजीनियर से एक शेड निर्माण कार्य में टीन कितने पैसे का लगा है, एक शेड में लोहा कितना लगा है। शेड के चबूतरा निर्माण में कितना खर्च आया है। पूछने पर जवाब नहीं दिया, उल्टे गड़बड़ी छिपाने के लिए मेजरमेंट का बहाना बनाने लगे। इंजीनियर ने बताया कि बाजार शेड निर्माण के कार्यों में 30 लाख का मूल्यांकन सत्यापन किया गया है लेकिन जानकारों का मानना है कि इसमें 18 से 20 लाख रुपए के करीब खर्च हुए हैं।

# शिक्षा विभाग ने कई शिक्षकों को सम्मानित किया



**अकलतरा।** विकासखंड के शिक्षक नई-नई गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं। विनोबा एप इन गतिविधियों को साझा करने का एक बहुत ही अच्छा मंच है। निरंतर सक्रिय रहने वाले शिक्षकों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी व जिला विनोबा टीम द्वारा पोस्ट ऑफ मंथ के अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विनोबा टीम के सदस्यों द्वारा एप के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को सक्रिय सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रत्नमाला सिंह की उपस्थिति में विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता, प्रयास व सुधार पर बैठक भी आयोजित हुई। बैठक में जिला विनोबा टीम के प्रभारी अजहर शेख, सह प्रभारी भूपेंद्र चंदा टीम के सदस्य पार्थ, रोशन, आकांक्षा व इसथा ने भाग लिया। बैठक में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर, उनकी गुणवत्ता को बढ़ाने के प्रयासों और सुधार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों को मजबूत करना और उनकी कमजोरियों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाना था। टीम ने विद्यालयों में किए गए निरीक्षणों और विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों और सुधार की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

रत्नमाला सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सभी शिक्षकों और अधिकारियों को समर्पण के साथ काम करने की आवश्यकता है। विनोबा टीम के प्रभारी अजहर शेख और उनकी टीम ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और शिक्षकों के साथ सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में निकिता सिंह चंदेल, रूपेश कुमार सिंह, रश्मि दुबे, अलकीन खान, बबिता कुर्रे, रजनी पांडेय, उमाशंकर निर्मलकर व शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ केमिस्ट और जिला औषधि विक्रेता संघ का रक्तदान शिविर आज

**सक्ती।** ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सम्पूर्ण जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन संगठन ने किया। इसे गिनीज बुक में लिखा जाएगा। सभी विक्रेताओं ने अपना योगदान देकर औषधि विक्रेता संघ का नाम गिनीज बुक में लिखा कर अपनी संगठन की एकता का परिचय देने का संकल्प लिया है व सभी से दो, तीन यूनिट रक्तदान करवाने का संकल्प लिया है। इस कड़ी में सक्ती जिले में रक्तदान करने व कराने के लिए 24 जनवरी की सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती पहुंच कर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रक्तदान के महत्व को बताते हुए आमजन से भी अपील की है। रक्तदान जीवन दान है। आपके एक रक्तदान से तीन मरीजों का जान बचाई जा सकती है रक्तदान करने से पहले आपको ब्लड प्रेशर हिमोग्लोबिन आर ब्लड ग्रुप की जांच रिपोर्ट मुफ्त में मिलेगी। रक्तदान समाज में एकता अखंडता और सत्र भावना का संदेश फैलता है। रक्तदान से जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है, जिसे स्वयं का महत्व समझ में आता है और जीवन के प्रति नजरिया बदलता है। शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति जिनकी उम्र 18 वर्ष से 65 वर्ष हो वजन 45 किलोग्राम से ऊपर हो हिमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 डिसिलिटर या इससे अधिक हो हर तीन माह के अंतराल में पुरुष तथा हर चार माह के अंतराल में महिला रक्तदान कर सकते है रक्तदान से होने वाले फायदे नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है। ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है, कैंसर जैसे घातक रोगों के होने का खतरा कम रहता है। हार्ट अटैक की संभावना में 90त्न की कमी होती है। नए ब्लड सेल्स बनने लगते हैं, मोटापे से बचाव और लीवर स्वस्थ रहता है। कोलेस्ट्रॉल का लेवल संतुलित रहता है, रिसर्च में पाया गया है कि ब्लड डोनेट करने से खुशी मिलती है और मेंटल हेल्थ अच्छी रहती है। रक्तदान से शरीर की रोग प्रतिरोधक समता में बढ़ोतरी होती है।

## चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**सक्ती।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिला पंचायत और जनपद पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य व जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए हैं। जारी आदेश के तहत जिला पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के लिए रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन (आईएएस) व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा और डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार होंगे। इसी तरह जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य सरपंच व पंच के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार सक्ती रविशंकर राठौर व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती प्रीति पवार और नायब तहसीलदार सक्ती जागृति होंगी।


**कार्यालय कलेक्टर जिला- कोरबा (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

-:: प्रारंभिक अधिसूचना ::-

क्र./747/भू-अर्जन/2024 कोरबा, दिनांक 20/01/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

अनुसूची

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/प.ह.नं. | ख.नं. | क्षेत्रफल (हे.में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| कोरबा | दीपका | सरईसिंगार/60 | 383 | 0.024 | कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ./स.) कोरबा संभाग कोरबा | हरदीबाजार-तरदा-सर्वमंगला इमलीछापर मार्ग लं. 27.19 कि.मी. में सी. सी. मार्ग का निर्माण कार्य। |
| | | | 164 | 0.181 | | |
| | | | 166 | 0.024 | | |
| | | | 261/3 | 0.040 | | |
| | | | 175/2 | 0.121 | | |
| | | | 168/2 | 0.166 | | |
| | | | 168/3 | 0.121 | | |
| | | | 169 | 0.077 | | |
| | | | 189 | 0.049 | | |
| | | | 172/2 | 0.016 | | |
| | | | 171 | | | |
| | | | 170 | 0.121 | | |
| | | | 191 | | | |
| | | | 174 | 0.060 | | |
| | | | 187 | 0.045 | | |
| | | | 173 | 0.068 | | |
| | | | 172/1 | 0.004 | | |
| | | | 260/1 | 0.142 | | |
| | | | 176 | 0.130 | | |
| | | | 184 | 0.016 | | |
| | | | 297/2 | 0.131 | | |
| | | | 186/2 | 0.036 | | |
| | | | 392 | 0.012 | | |
| | | | 186/4 | 0.032 | | |
| | | | 188/1 | 0.069 | | |
| | | | 188/2 | 0.040 | | |
| | | | 261/4 | 0.045 | | |
| | | | 266/1 | 0.089 | | |
| | | | 266/2 | 0.053 | | |
| | | | 291 | 0.101 | | |
| | | | 286 | 0.008 | | |
| | | | 391 | 0.004 | | |
| | | | 381/1 | 0.016 | | |
| | | | 287 | 0.028 | | |
| | | | 290/2 | 0.142 | | |
| | | | 260/2 | 0.004 | | |
| | | | 292/2 | 0.040 | | |
| | | | 298/1 | 0.004 | | |
| | | | 297/1 | 0.233 | | |
| | | | 299/1 | 0.081 | | |
| | | | 394/2 | 0.049 | | |
| | | | 386 | 0.004 | | |
| | | | 387/1 | 0.016 | | |
| | | | 382 | 0.024 | | |
| | | | 393/2 | 0.113 | | |
| | | | 394/1 | 0.057 | | |
| | | | 397 | 0.004 | | |
| | | | 266/3 | 0077 | | |
| | | | 168/4 | 0.028 | | |
| | | | 188/3 | 0.029 | | |
| | | | 186/3 | 0.050 | | |
| | | | 186/1 | 0.057 | | |
| | | | 165/1 | 0.073 | | |
| | | | 290/3 | 0.040 | | |
| | | | 393/1 | 0.008 | | |
| | | | 290/1 | 0.081 | | |
| | | | 168/1 | 0.016 | | |
| | | | योग 37 | 3.299 | | |

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में से कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम, 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा. 3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा के कार्यालय में किया जा सकता है। 4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है. 5. प्रस्तावित प्रयोजन भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में लाभ अधिक होना पाया गया है. 6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा जिला कोरबा के पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(अजीत वसंत)
कलेक्टर, कोरबा
एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कटघोरा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.202501050700047
अ-6/2024-25
ग्राम- तेलसरा, प.ह.नं.-07, तहसील कटघोरा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा ग्राम-तेलसरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रहलाद कुमार पिता स्व. रामेश्वर, जाति-घसिया निवासी ग्राम-गजराबस्ती तहसील-कटघोरा, जिला- कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम तेलसरा, प.ह.नं.07, तहसील-कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 485, 486/2 एवं 486/3 रकबा क्रमशः 0.162, 0.142 एवं 0.202 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.506 हे. जो राजस्व अभिलेख में रमेशर पिता पंचराम के नाम पर दर्ज है।

आवेदक द्वारा खातेदार रामेश्वर की मृत्यु को हो जाने का लेख करते हुए राजस्व अभिलेखों से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 27.01.2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील — तहसीलदार कटघोरा

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

202307050100054
मामले की श्रेणी-अ-6-अ वर्ष 2022-23
ग्राम- पताड़ी प.ह.नं.29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशील कुमार अग्रवाल पिता स्व. किसन अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी दर्री रोड कोरबा तह. व जिला-कोरबा की ओर से श्री दिनेश कुमार अग्रवाल अधिवक्ता इस आशय का आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पताढी प.ह.नं. 29 स्थित भूमि खसरा नं. 206/6 क रकबा 0.081 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि बी-1, खसरा पांचशाला प्राप्त किया गया। उक्त अभिलेख प्राप्त करने पर उसे ज्ञान हुआ कि भूमि में से खसरा नं. 206/6 क की भूमि आवेदक के नाम पर अभिलेख में दर्ज नहीं है। हल्का पटवारी से सम्पर्क करने पर बताया गया कि उक्त भूमि त्रुटिवंश शासकीय मद में दर्ज हो गया है। वर्तमान में त्रुटिसुधार करते हुये आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग.भू.रा. संहिता के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा के समक्ष पेश किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव अभिलेख दुरूस्त किया जता है तो जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 05.02.2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

202501050600031
रा.प्र.क्र.-/ब-121/2024-25
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रजनीकांत सिंह पिता स्व. कुंवर सिंह वगैरह जाति क्षत्रिय निवासी एमआईजी-1/54 महाराणा प्रताप नगर विस्तार कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं.16 में ख.नं. 235/1 स्थित है, जिसमें भूखण्ड/भवन क्रमांक MIG-I/54 क्षेत्रफल 128.00 वर्गमीटर को नगर पालिक निगम द्वारा 30 वर्ष की लीज पर दिया गया था। नगर पालिक निगम के द्वारा पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 17.02.2021 के माध्यम से उक्त भूखण्ड/भवन क्र. MIG-I/54 क्षेत्रफल 128.00 वर्गमीटर को आवेदकगण के नाम पर हस्तांतरण किये जाने से कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 28.02.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)


# टिकट के बिना ही नामांकन लिया भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने

**बिलासपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, अभी भाजपा-कांग्रेस ने अपने किसी भी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। इसके बाद भी टिकट मिलने की उम्मीद में भाजपा-कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी नामांकन जमा कर रहे हैं।

अब तक मेयर के लिए पांच तो पार्षद के लिए 69 लोगों ने फॉर्म खरीदा है। जबकि, दो फॉर्म ही जमा हुए हैं। इधर, निर्वाचन आयोग ने शनिवार 25 जनवरी को अवकाश के दिन भी नामांकन जमा करने की छूट दी है। इस दिन कलेक्ट्रेट में शासकीय अवकाश नहीं रहेगा।

मेयर के लिए नायक सहित 5 तो 40 ले गए पार्षद का नामांकन

नामांकन के दूसरे दिन कलेक्टोरेट में बुधवार की तुलना में ज्यादा भीड़ रही। तय समय तक फॉर्म लेने का दौर जारी रहा। मेयर का चुनाव लड़ने के लिए पांच लोगों ने फॉर्म खरीदा। इसमें कांग्रेस से टिकट मांग रहे पूर्व शहर अध्यक्ष प्रमोद नायक और श्याम कश्यप भी शामिल हैं।

वहीं, 40 ने पार्षद का चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र लिया। कांग्रेस के श्याम कश्यप ने गुरुवार को मेयर का फॉर्म ले लिया। बता दें कि पिछले दो दिन में अब तक 69 लोगों ने पार्षद के लिए फॉर्म खरीद लिए हैं।

भाजपा-कांग्रेस में अभी प्रत्याशी तय नहीं हुआ है। इसके बाद भी फॉर्म जमा करने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। गुरुवार को वार्ड नंबर 21 से कांग्रेस की पूर्व पार्षद सीमा धृतेश और भाजपा के पूर्व पार्षद अनुज टंडन की पत्नी मधुबाला टंडन ने नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष जमा किया।

पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन की पत्नी असगरी बेगम ने वार्ड नंबर 26, कांग्रेस के पूर्व एल्डरमैन सुबोध केसरी ने वार्ड 39 तो देवरीखुर्द के पूर्व सरपंच मनीहार निषाद ने वार्ड नंबर 42 से चुनाव लड़ने के लिए फॉर्म लिया।

## अनमोल वचन......

**ईमानदार व्यक्ति स्वयं से स्वयं भी संतुष्ट रहता है तथा दूसरे भी उससे संतुष्ट रहते हैं।**

## हथियार की तरह प्रयोग की जा रही कैग रिपोर्ट

दिल्ली सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के मुद्दे पर कदम खींचने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने संदेह उत्पन्न करने वाला कहा।

भाजपा विधायकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि आपको विधानसभा अध्यक्ष को तुरंत रिपोर्ट भेजनी थी। सदन पर इसकी चर्चा करनी थी। विधानसभाध्यक्ष का विशेषाधिकार है विधानसभा सत्र बुलाना। यह सवाल भी किया कि क्या अदालत विधानसभाध्यक्ष को ऐसा करने का निर्देश दे सकती है, जबकि चुनाव नजदीक हैं।

हालांकि दिल्ली सरकार के वकील ने आरोप लगाया कि याचिका राजनीति से प्रेरित है, और उपराज्यपाल कार्यालय के रिपोर्ट को सार्वजनिक और समाचार-पत्रों से साझा करने की बात भी उठाई। कैग की रिपोर्ट के अनुसार शराब नीति की वजह से दिल्ली के राजस्व को दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कैग ऑडिट निकाय है, जिसे संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। अनुच्छेद 148 के मुताबिक कैग की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।

यह भारत सरकार तथा राज्य सरकारों के विभागों और मंत्रालयों की पड़ताल करता है। इसकी रिपोर्ट विधानसभा और संसद में रखी जाती है। इसकी रिपोर्ट का असर इतना होता है कि इसके आधार पर 1989 में कांग्रेस सरकार को संयुक्त मोर्चा ने उखाड़ फेंका था। 2010 में स्पैक्ट्रम को लेकर कैग की रिपोर्ट पर 2जी आवंटन में धांधली के चलते सरकार को पौने दो लाख करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ था जिस पर मनमोहन सरकार को सीबीआई जांच का आदेश देना पड़ा था।

शराब घोटाले को लेकर आप के वरिष्ठ नेताओं को जेल की सलाखों के पीछे भी रहना पड़ा। हालांकि आम आदमी पार्टी रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए भाजपा पर इसे चुनावी मुद्दा बनाने का आरोप लगा रही है। लेकिन भाजपा ने इसे सुनहरा अवसर मान लपक लिया। हालांकि खुद मोदी सरकार कैग रिपोर्ट को लेकर कभी गंभीर नजर नहीं आई। दूसरे, उसने अन्य संवैधानिक संस्थाओं को कभी उस तरह तवज्जो नहीं दी जैसी परंपरा रही है।

उन्हें जानबूझ कर पंगु ही नहीं बनाया जाता रहा है, बल्कि विपक्ष भी उन्हें मुद्दों की तरह प्रयोग करने में विफल नजर आया है परंतु जैसा कि अपने यहां चुवानी दंगल में सब जायज बताया जाता है। कैग की यह रिपोर्ट हथियार की तरह प्रयोग की जा रही है। चुनाव संपन्न होने तक यह मुद्दा गरमाया रहने वाला है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपका कला और साहित्य में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

**वृष राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब होंगे। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगायेंगे । जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें किसी संस्था से जुड़कर नाम कमाने का मौका मिलेगा।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। आज कार्यों में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित भी होगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को पैसे उधार दिया है, तो वह आज आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप मित्रों के साथ निवेश संबंधी योजना बनाएंगे, जिसमें आपको बहुत ही सोच विचार कर आगे बढ़ना होगा ।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। धार्मिक कार्य में आपकी इच्छा बढ़ेगी।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें । किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे । आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें । विद्यार्थियों को आज किसी उलझन से छुटकारा मिलेगा । प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे।

**मीन राशि :** आज का दिन खुशियाँ लाने वाला है। समाज में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द ही सफलता मिलेगी। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी।

# महाकुंभ के दृश्य से पूरे देश आह्लादित

//अवधेश कुमार//

**प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से महाकुंभ के दृश्य पूरे देश को आह्लादित कर रहे हैं। उन दृश्यों को देखने और वहां से निकल रहे वक्तव्यों से पूरे विश्व में फैले सनातनियों के अंदर इच्छा बलवती हो रही है कि एक बार प्रयागराज महाकुंभ जाकर पवित्र त्रिवेणी की डुबकी अवश्य लगाएं। तेरह जनवरी को बुधादित्य महायोग के दिन का आंकड़ा एक करोड़ 75 लाख तो 14 जनवरी को लगभग 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान करने का आया है। संपूर्ण विश्व आश्चर्यचकित हो इन दृश्यों को देख कर इसके पीछे की शक्ति और भावना को समझने की कोशिश कर रहा है। कल्पना करिए, बारह फरवरी तक जन समूह की संख्या कितनी पहुंच जाएगी। मोटा-मोटी आकलन है कि लगभग 40 करोड लोग देश-विदेश से प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेंगे।**

भगवा की बहुतायत लेकिन प्रकृति में उपस्थिति हर रंग की ध्वजाएं, पताकाएं और कवेश पहने साधु-संत, गांव-घर के आम देशी-विदेशी जन ने ऐसा विहंगम दृश्य प्रस्तुत किया है जिसका वर्णन आसान नहीं है। लगातार बजते घड़ी-घंटाल, शंखों की गूंजती ध्वनि, मंत्रोच्चार, 24 घंटे पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करते असंख्य लोग, यज्ञशालाओं से निकलते हवनकुंड की अग्नि के सुगंध और भजन-कीर्तन के साथ प्रवचनों की ध्वनियों और ऊपर आकाश से हेलीकॉप्टरों द्वारा पुष्प वष्रा से निर्मित वातावरण और वहां जाने वालों के चेहरों के भावों को शब्दों से वर्णित नहीं किया जा सकता। हालांकि इसके सूक्ष्म प्रभावों को न समझने वाले शब्दातीत, वर्णनातीत आदि शब्दावलियों को अतिवादी कह सकते हैं किंतु सच यही है।

केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ लोगों की रिकॉर्ड उपस्थिति का आकलन करते हुए हरसंभव व्यवस्था की है। पूरे कुंभ नगर का विस्तार 4000 हेक्टेयर करके 25 सेक्टरों में बांटा गया, डेढ़ लाख से अधिक टेंट लगाए गए, 44 घाटों पर स्नान की व्यवस्था हुई जो 12 किमी. लंबाई में फैली है। 102 पार्किंग बनाए गए हैं, जिनमें साढ़े 5 लाख गाडियां खड़ी हो सकती हैं। कुल 45 दिनों में रेलवे, हवाईजहाज, राज्य सरकार की बसें, शटल बसें आदि की रिकार्ड संख्या विस्तारित की गई है। समाज में विचार, व्यवहार, कर्मकांड आदि के बीच विरोधाभास, विविधताएं या विभाजन कोई आज नहीं, सदियों से है। जरा सोचिए, महान ऋषि-मुनियों ने किस तरह समय-समय पर इन सबको समन्वित करते हुए संपूर्ण ब्रह्मांड या मानव, जीव-अजीव, सबके कल्याण का भाव पैदा करने के महान अवसरों की दिव्य परंपराएं स्थापित कीं। जिस तरह प्रकट दिखती गंगा-यमुना और अमूर्त सरस्वती का संगम है, उसी को साकार करता जनसमूह अलग-अलग विचारधाराओं, पंथों, मतों, भाषाओं, क्षेत्रों, रंग-रूपों, जातियों, संप्रदायों, सब वहां जाकर वाकई एक हो जा रहे हैं। न कोई भेद, न दूरी और कोई किसी से उसकी जाति-नस्ल-पंथ-संप्रदाय स्वयं को दूर करने या भेद करने की दृष्टि से पूछता भी नहीं। उत्सुकतावश जानकारी के लिए पूछते और एक दूसरे से परिचय करते हैं।

इस तरह से देखा जाए तो महाकुंभ संपूर्ण विश्व के जन-जन को एक करने यानी मातृभूमि पुत्रोअहम पृथिव्या की अथर्ववेद की अवधारणा को साकार करने का पर्व है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो प्रयागराज को तीर्थराज कहा गया है और यह निर्वाण की भूमि मानी गई है। पुरु षार्थ चातुष्ट्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों का विपुल भंडार। माना गया है कि यहां आने से सब खुल जाते हैं और त्रिवेणी के तट से अंतर्मन के सारे विकार, क्लेश, दोष मिट जाते हैं। मूल बात है संगम और कुंभ के भाव को समाहित करने की। वह वहां तो साकार दिखता है। जैसा आप जानते हैं कुंभ के हमारे यहां अनेक अर्थ हैं। कुंभ अमृत कलश माना गया है।

वेदांत में कुंभ घटा आकाश यानी हृदय एक कुंभ है, कुंभ एक राशि है, इस कुंभ के भाव में गंगा और शिव समाहित हैं। हमारे देश में अंग्रेजों के समय से कथित इतिहासकारों ने भारत और सनातन की सारी परंपराओं, प्रथाओं, पवरे, त्योहारों, पावन अवसरों के अतीत को तिथियों में देखने और अपनी अज्ञानता प्रदर्शन करने की ऐसी नींव डाली कि अकादमी क्षेत्र में कोई भी विषय अविवादित रहा ही नहीं। किसी की तिथि मान्य नहीं, उम्र मान्य नहीं किंतु जनमानस के लिए संगम का आरंभ कब से हुआ, किसने किया, किस काल में था इनके न कोई अर्थ थे, न हैं, और न आगे होंगे। यह हमारे महान पूर्वजों के दिए गए संस्कार और चरित्र हैं, जिनने आज तक ऐसी राजनीतिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक, आर्थिक व्यवस्थाओं और ढांचों की प्रतिकूलताओं से परे किसी न किसी रूप में मौलिकता के साथ भी इन सबको कायम रखा है। सच कहा जाए तो यही हमारी अंतःशक्ति है, जिस पर भारत विश्व के लिए आदर्श और दिशा देने वाला देश बन सकता है।

संसदीय लोकतंत्र में राजनीतिक नेतृत्व की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो गई है। ऐसा नहीं है कि राजनीतिक सत्ता हमारे धर्म, कर्मकांड आदि के रास्ते निर्धारित करती हैं किंतु अगर उन्हें इसकी समझ है या वे इसके ज्ञानियों से समझने की कोशिश करते हैं, तो अनुकूलताएं निर्मित होती हैं, व्यवस्थाएं खड़ी होती हैं, उसके अनुरूप आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती हैं, जिनसे ऐसे अवसरों पर संत-महात्मा, साधु- संन्यासी, विद्वतजन, आम श्रद्धालु सभी अपने कर्म करने में सहजता महसूस करते हैं।

इनसे महाकुंभ जैसे आयोजन अपनी संपूर्णता में प्रकट होते हैं। इसी मायने में मोदी सरकार और योगी सरकार पूर्व की सरकारों से गुणात्मक रूप से भिन्न प्रमाणित हो रही हैं। इतने विशाल और लंबे आयोजन की दृष्टि से कोई भी व्यवस्था संपूर्ण या आदर्श नहीं हो सकती। महाकुंभ जैसे आयोजन में बगैर कुछ बोले संपूर्ण विश्व में संदेश जा रहा है कि कैसे एक साथ इतनी बड़ी संख्या में अलग-अलग पंथ, संप्रदाय, जिनके बीच घोर मतभेद और कुछ के मध्य संघर्ष रहे हैं, सब इकट्ठे होकर आत्मोद्धार, समाज और विश्व कल्याण के भाव से संगम में स्नान-यज्ञ आदि कर रहे हैं। यह भी स्थापित हो रहा है कि यह प्राचीन सभ्यता और महान विरासत के ठोस आधारों पर खड़ा आधुनिकतम सोच और व्यवस्थाओं से सामंजस्य बिठाने वाला परिपूर्ण देश है।

# देश में शहरों का भू-रिकॉर्ड

//मनोज जोशी//

**मनुस्मृति में राजाओं द्वारा भू-राजस्व संग्रह के उल्लेख से लेकर शेरशाह और मुगल काल में राजा टोडरमलन द्वारा विकसित भू-अभिलेख प्रणाली, ब्रिटिश काल के दौरान विकसित भूमाप प्रणाली और स्वतंत्रता के बाद विकसित भू-अभिलेख व्यवस्था के बाद से भारत ने ग्रामीण क्षेत्रों में अब पूर्णतया डिजिटल भू-रिकॉर्ड और मानचित्रण तक पहुंचने की लंबी यात्रा तय कर ली है।**

गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तथा कुछ अन्य शहरों को छोड़कर भारत में शहरी भू-अभिलेख नहीं रखे जाते। अधिकांश रूप से उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत संपत्ति का खरीद-बिक्री का ब्यौरा ही शहरी भू-अभिलेख का एकमात्र साधन है। पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत कार्य करने वाले उप रजिस्ट्रार विक्रेता की जानकारी रखने के कुछ उचित उपाय करते हैं, लेकिन उन्हें उन सभी दस्तावेजों को पंजीकृत करना चाहिए जो उनके सामने प्रस्तुत किए जाते हैं। सरकारी भू-अभिलेखों के अभाव में शहरी भूमि संपत्ति के मामलों में धोखाधड़ी और विवाद की आशंका बनी रहती है।

भारत में तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे महानगरीय बस्तियों के आस-पास के गैर-शहरी इलाके (पेरी-अर्बन) में निजी डेवलपर्स कृषि भूमि को लेकर उन्हें कॉलोनियों में बदल रहे हैं। इन कॉलोनियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध अनुमोदन के साथ या उसके बिना ही विकसित किया जा रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में एक ही प्लॉट की कई बार बिक्री के बहुत सारे मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी भूमि अभिलेखों के ना रहने से महंगी शहरी भूमि के मामले में अनिश्चितता, जोखिम, क्रेताओं को अनावश्यक परेशानी और मुकदमेबाजी होती है।

### ड्रोन आधारित हवाई इमेजरीः सिटी सर्वे

कंप्यूटरकृत भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से ड्रोन/विमान के माध्यम से 5 सेमी की सटीकता से अब भू-मानचित्र 2 लाख रुपये प्रति किमी 2 की उचित लागत पर 2-4 महीने की अवधि में तैयार किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों को ऐसे मानचित्रों का जमीनी सत्यापन करने और स्वामित्व दस्तावेजों को सत्यापित करने की आवश्यकता है। नगरपालिका संपत्ति कर डेटा स्वामित्व पर प्रारंभिक जानकारी प्रदान करता है। व्यक्तिगत भूखंड और मालिकाना विवरण के साथ विस्तृत नक्शे प्रकाशित करने के उपरांत, सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं।

शहर के सर्वेक्षण का कठिन हिस्सा जमीनी स्तर पर इनकी पहचान करना और स्वामित्व दस्तावेजों को प्रमाणित करना है। जमीनी सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में टीमों को शामिल करने की आवश्यकता पड़ती है जिनमें सर्वेक्षक और सरकारी अधिकारी होते हैं। भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित नगर सर्वेक्षण में भी वास्तविक कब्जे वाली भूमि और अधिकार दस्तावेज के बीच अंतर पाया गया है। जीआईएस आधारित मापों की उच्च स्तरीय सटीकता में 5 प्रतिशत तक अंतर होता है। नए रिकॉर्ड में उनके कब्जे में कम भूमि दिखने के कारण भू-मालिक आपत्ति दर्ज करते हैं। इसके अतिरिक्त कई मामलों में भू-स्वामित्व स्पष्ट नहीं होता या इस पर विवाद रहता है।

शहरी भू-सर्वेक्षण में बड़ी जनशक्ति लगती है और भूमि स्वामित्व संबंधी आपत्तियों के सावधानीपूर्वक निपटान की आवश्यकता पड़ती है। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने एक वर्ष में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरों में नक्शा (एनएकेएसएचए) नामक शहर सर्वेक्षण पायलट कार्यक्रम आरंभ किया है। इसके बाद अगले चरण में 1000 शहरों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा और 5 वर्षों में सभी 4912 शहरों में यह योजना चलाई जाएगी।

शहरी भूमि रिकॉर्ड और शहर के सर्वेक्षण से प्राप्त नक्शे नागरिकों को अधिकार प्रदान करते हैं। अन्य संबंधित डेटा जैसे मालिक/किरायेदार परिवार का विवरण, संपत्ति कर, भवन योजना अनुमोदन, बिजली, पानी और गैस को भी इसी आधार पर समेकित किया जा सकता है। इससे नागरिकों के जीवन में सुगमता आएगी और विभिन्न स्थानीय सरकारी एजेंसियों को उनके कार्य में सुविधा होगी।

### शहरी नियोजन और संपत्ति कर

कई कैमरों के साथ, शहरों की त्रिआयामी छवि और डिजिटल ट्विन उत्पन्न होते हैं। इनका उपयोग बेहतर संपत्ति कर मूल्यांकन और शहरी नियोजन के लिए किया जा सकता है। लेजर आधारित लिडार इमेजिंग ऊंचाई मानचित्रण प्रदान करती है जो शहरों में तूफान/बाढ़ के पानी की निकासी और आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने लिए बेहतर डिजाइन बनाने में सहायक होती है। यह परिवहन योजना, सड़क विकास, ढांचागत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण और शहरी नियोजन के अन्य पहलुओं को सुगम बनाता है। भारत के कई शहरों में ड्रोन से चित्र लिए गए हैं, लेकिन शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में क्षमता की कमी से उनका इन उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया गया है। राज्यों और यूएलबी को जीआईएस प्रौद्योगिकियों और शहरी नियोजन में निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता लेने की आवश्यकता है। दस लाख की आबादी वाले शहर में इन कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि 5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं लगेगी। यह गहन प्रयास है जिसमें धन का इतना महत्व नहीं है। भारत अगले 5 वर्षों में हवाई इमेजरी के सरल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से शहरी भूमि रिकॉर्ड सुव्यवस्थित करने, संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन और शहरी नियोजन समाधान तथा बाढ़ शमन उपायों को विकसित करना चाहता है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष आलेख

//सुश्री निहारिका मीना//

बेटिया घर की शान होती है, बेटियां माता-पिता का अभिमान होती है। अपने बुलंद हौसलों के साथ आज की बेटी हर क्षेत्र में अपने परिवार, अपने राज्य, अपने प्रदेश और अपने देश का नाम रौशन कर रही। चाहे देश हो या विदेश आज बेटियां हर जगह अपनी कामयाबी का पताका फहरा रही है। प्रति वर्ष 24 जनवरी को बालिकाओं को सम्मान देने और बालिकाओं के प्रति समाज का नजरिया बदलने, कन्या भ्रूण हत्या को कम करने और घटते लिंगानुपात के बारे में जागरूकता पैदा करने के उददेश्य से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। आज बिटिया के जन्म लेने पर एक पिता घबराता नहीं है, न ही शोक मनाता है बल्कि उसके जन्म लेने पर घर-परिवार, मोहल्ले में मिठाईयां बंटवाता है। क्योकि वह जानता है कि एक दिन बडे होकर यही बेटी उनको गौरवान्वित महसूस कराएगी। उनका समाज में मान-सम्मान बडाएगी। जितनी खुशी माता-पिता को बेटे के जन्म लेने पर होती है आज के समय उतनी या कहे उससे ज्यादा खुशी बेटी के जन्म लेने पर माता-पिता को होती है। कहा जा सकता है कि आज हमारे समाज में देर से ही सही पर धीरे-धीरे बेटियों के प्रति उनकी मानसिकता एवं नजरिए में बदलाव आ रहा है। इस बदलाव को समाज में व्यापक स्तर पर सकारात्मक रूप से स्वीकृति मिली है। यही कारण है कि आज खेल जगत हो या तकनीकी क्षेत्र या शासकीय क्षेत्र हो हर जगह बेटियां अपना खूब नाम कमा रही है। निश्चित ही यह हमारे देश-विदेश के कुशल नेतृकर्ता एवं दूरगामी सोच रखने वाले प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों का ही परिणाम है।

शासन-प्रशासन की बेटियों के लिए उठाई गयी विभिन्न पहले आज बेटियों के लिए सार्थक सिद्ध हुई हैं। चाहे बेटी बचाओं-बेटी पढाओं हो या सुकन्या समृद्धि योजना हो, लाडली लक्ष्मी योजना हो, लाडो अभियान हो सभी अनूठी पहलों से बच्चियों के जीवन पर सकारात्क प्रभाव पडा है। एक अच्छे नागरिक होने के नाते हमारा भी दायित्व बनता है कि राष्ट्रीय बालिका दिवस को ज्यादा से ज्यादा लोग व्यापक स्तर पर हर्षोल्लास के साथ मनाए और बेटियों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में सकारात्मक सोच और अधिक विकसित करने में अपना सहयोग दें। क्योकि आपकी एक पहल पूरे समाज, पूरे देश की बेटियों का भविष्य संवार सकती है। इसलिए संकल्पित होकर बेटियों के अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने एंव समाज का उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण सृजन करने में आगे आएं और अपना कर्तव्य निभाएं।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।




मुख्य चुनाव आयुक्त, राजीव कुमार नई दिल्ली में आईटीसी मौर्य होटल (चाणक्यपुरी) में वैश्विक चुनाव वर्ष 2024 पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेते हुए।



दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले करोल बाग विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल कुमार के पक्ष में चुनाव प्रचार में युवा कांग्रेस नेता श्रीनिवास बी.वी. भाग लेते हुए।



दिल्ली की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले डोर-टू-डोर अभियान का नेतृत्व किया।



गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।




केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले के उद्घाटन को संबोधित किया।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले का उद्घाटन किया।

# पीवी नरसिंह राव नगा-कुकी संघर्ष के दौरान नहीं आए थे मणिपुर, सीएम बीरेन सिंह ने कांग्रेस पर साधा निशाना



**इंफाल, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मौजूदा संकट को लेकर कांग्रेस द्वारा राज्य सरकार की आलोचना पर सवाल उठाया है। उन्होंने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने 1992-97 में नगा और कुकी के बीच जातीय संघर्ष के दौरान मणिपुर का दौरा क्यों नहीं किया था। क्या प्रधानमंत्री 1993-97 में पैते और कुकी के बीच जातीय संघर्ष के दौरान यहां आए थे, जिसमें 300 से अधिक निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। मुख्यमंत्री सचिवालय में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने विपक्ष की ईमानदारी पर सवाल उठाया और उन पर मणिपुर के हितों को प्राथमिकता देने में विफल रहने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री एन बीरेन ने कहा कि हम वर्तमान संघर्ष का ठोस समाधान चाहते हैं। यह महज एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह कांग्रेस द्वारा पैदा की गई एक पुरानी समस्या है। वे ही हैं जिन्होंने इन मुद्दों को जन्म दिया और अब वे हमें दोषी ठहरा रहे हैं। भगवान ही नहीं, यहां तक कि लोग भी उन्हें माफ नहीं करेंगे।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मणिपुर में अपने सांसदों को संसद में बोलने नहीं दे रही है। विपक्षी दल राज्य की स्थिति पर राजनीति कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में दिन-प्रतिदिन सुधार हो रहा है। कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार हो रहा है। केंद्र सरकार लोगों की मांग के अनुसार सब कुछ कर रहा है।बुधवार को जदयू की मणिपुर इकाई द्वारा राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को भाजपा नीत राज्य सरकार से समर्थन वापस लेने के बारे में पत्र लिखे जाने के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा, जैसा कि मैंने कहा है, हम जो करते हैं, उसका परिणाम हमें मिलता है। मणिपुर में जनता दल (यूनाइटेड) ने भाजपा से समर्थन वापस ले लिया है। जेडीयू के एकमात्र विधायक मोहम्मद अब्दुल नासिर अब विपक्ष का हिस्सा होंगे। जेडीयू एनडीए घटक दल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हालांकि, जेडीयू के इस फैसले से बिरेन सिंह के सरकार को कोई खतरा नहीं है। कॉनराड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी ने भी बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। साल 2022 विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने राज्य की छह सीटें जीतीं। हालांकि, पांच महीनों बाद छह में से पांच विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे।

60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पास फिलहाल 37 विधायक हैं। इसे नगा पीपुल्स फ्रंट के पांच विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है, जिससे इसे आरामदायक बहुमत मिल गया है।

## बीच क्लास से उठा, बाहर आया और तीसरी मंजिल से कूद गया, आंध्र प्रदेश में फर्स्ट ईयर के छात्र ने किया सुसाइड



**हैदराबाद ।** आंध्र प्रदेश में एक कॉलेज के छात्र ने तीसरी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। छात्र अपनी क्लास में बैठकर पढ़ाई कर रहा था। वह अचानकर क्लासरूम से बाहर निकल आया। इसके बाद वह रेलिंग पर चढ़ा और तीसरी मंजिल से नीचे कूद गया। उसी क्लास में बैठे दूसरे छात्र तुरंत दौड़ते हुए बाहर आए। सुसाइड की वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है। घटना अनंतपुर जिले की है। जिले के पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्र अभी संक्रांति की छुट्टियों के बाद कॉलेज लौटा था। घटना के तुरंत बाद छात्र को कॉलेज मैनेजमेंट अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## भारत दौरे पर पहुंचे इंडोनेशियाई राष्ट्रपति सुबियांतो 76वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि हैं प्रबोवो



**नईदिल्ली, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो अपनी पहली भारत यात्रा पर गुरुवार रात नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर विदेश राज्य मंत्री पावित्रा मार्गेरिटा ने उनका स्वागत किया। सुबियांतो 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का भारत की पहली राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। सुबियांतो की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों द्वारा कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये जाने की उम्मीद है। वह भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले चौथे इंडोनेशियाई राष्ट्रपति होंगे।इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। इंडोनेशिया का 352 सदस्यीय मार्चिंग और बैंड दल यहां कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेगा। यह पहली बार होगा जब इंडोनेशिया का मार्चिंग और बैंड दल विदेश में राष्ट्रीय दिवस परेड में भाग लेगा। पिछले कुछ वर्षों में भारत-इंडोनेशिया संबंधों में तेजी आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में इंडोनेशिया की यात्रा की थी, इस दौरान भारत-इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया।

## नूंह में 15 साइबर ठग गिरफ्तार

**पंचकूला, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी करने वाले साइबर ठगों के एक गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप के अनुसार इनके पास से मोबाइल फोन, फर्जी सिम, नकली सोने के सिक्के और नकली सोने की ईंट बरामद की गई है। इस सामग्री का इस्तेमाल ठगी में किया जाता था। पुलिस के अनुसार यह ठग होटल बुकिंग, सेक्सटोरशन, सोने के सिक्के, ईंटें बेचने से लेकर अनलाइन टैक्सी सेवा का विज्ञापन देकर व अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लोगों से फर्जी खातों में पैसे डलवाते थे, और ठगी करते थे।

# रांची में जमीन कारोबारी हत्याकांड का खुलासा चार आरोपी हथियारों के साथ गिरफ्तार

**रांची, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

रांची पुलिस ने जमीन-जायदाद के कारोबार से जुड़े मधुसूदन राय उर्फ मधु राय की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मधुसूदन राय की हत्या शहर के नामकुम इलाके में 15 दिसंबर को दिनदहाड़े गोली मारकर कर दी गई थी। डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों में मनवेल खलखो, अशोक सिंह, राजकिशोर राय एवं दीपक राय शामिल हैं। हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस के सामने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। बताया गया कि नामकुम में आठ एकड़ जमीन पर मालिकाना हक को लेकर पिछले दिनों हुए विवाद की वजह से मधु राय की हत्या की गई थी। वारदात के दिन मधु राय स्कूटी से नामकुम थाना क्षेत्र के राजाउलातू उनीडीह स्थित घर से कहीं जाने के लिए निकले थे। कवाली नामक जगह के पास अपराधियों ने उन्हें रोककर कई गोलियां मारी थी। मधुसूदन राय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। इस वारदात के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी थी। एसएसपी ने इस हत्याकांड की जांच के लिए मुख्यालय डीएसपी अमर कुमार पांडे की अगुवाई में एसआईटी का गठन किया था, जिसने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शूटर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल इस मामले में हो रहे अनुसंधान की मॉनिटरिंग कर रहे थे। करीब पंद्रह साल पहले नामकुम के राजाउलातू इलाके में जमीन विवाद को लेकर मधुसूदन राय की पत्नी की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बताया गया कि उस हत्याकांड में भी इन्हीं आरोपियों का हाथ था।

## सैनी ने एनसीसी कैडेट, एएनओ के मेस भत्ते को बढ़ाने की दी मंजूरी

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेटों , एसोसिएट नेशनल कैडेट कॉर्प्स ऑफ़िसर (एएनओ) को एनसीसी शिविरों व अन्य गतिविधियों के लिए मेस भत्ते की दरों को 150 रुपये से बढ़ाकर 220 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया यह भत्ता 22 मई, 2024 से प्रभावी होगा। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेटों और एसोसिएटेड एनसीसी अधिकारियों (एएनओ) के संबंध में मेस भत्ते को बढ़ाया गया है, जो नौकायन/साइक्लिंग अभियानों सहित विभिन्न एनसीसी शिविरों में भाग लेते हैं।

# सौरभ शर्मा मामले में छह गांवों का रिकॉर्ड तलब करेगी ईडी

**भोपाल, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

लोकायुक्त, आयकर और ईडी के छापों के बाद चर्चा में आए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों से बरामद संपत्ति के दस्तावेजों को लेकर ईडी अब भोपाल के आस-पास स्थित छह गांवों का रिकॉर्ड तलब करने जा रही हे। सौरभ शर्मा के यहां छापों के दौरान बरामद प्रॉपर्टी के कई कागजात अन्य नामों से भी मिले हैं। इनकी पूरी पड़ताल के लिए रिकॉर्ड तलब किया जाएगा। ईडी इसके अलावा हाल ही में आयकर छपों के बाद चर्चा में आए राजेश शर्मा की त्रिशूल कंस्ट्रक्शन के साथ सौरभ के बिजनेस कनवेंशन की जांच भी करेगा। दोनों छापों के दौरान ये समानता देखने को मिली है कि सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के ठिकानों से भोपाल से सटे गांवों की बेशकीमती जमीनों की खरीद-फरोख्त के दस्तावेज मिले हैं। अब ईडी को यह शक है कि सौरभ और उसके राजेश का आपस में बिनेस कनेक्शन रहा है।

ईडी से जुड़े सूत्रों के अनुसार मेंडोरा-मेंडोरी, बरखेड़ा नाथू, बरखेड़ी बाजयाफ्त, निपानिया, रोलूखेड़ी समेत लगभग आधा दर्जन गांवों का रिकॉर्ड तलब किया जाएगा। सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के यहां छापों में भोपाल शहर से सटे इन्हीं गांवों में जमीनों की खरीदी बिक्री के कागजात मिले हैं। फिलहाल करोड़ों की संपत्ति के इन दस्तावेजों के जरिए ईडी सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के बिजनेस कनेक्शन को खंगाल रही हे। इसके साथ ही ईडी इन जमीनों की असली वैल्यू भी पता लगाने में जुटी है, क्योंकि दस्तावेजों में काफी कम कीमत पर जमीनों की रजिस्ट्री कराई गई है, जबकि बाजार भाव इससे कहीं ज्यादा है। इसके चलते सरकार को भी करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

# एनसीआर में बारिश के बाद बदला मौसम का मिजाज, पारे में गिरावट आने से बढ़ेगी सर्दी

**नोएडा, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

दिल्ली-एनसीआर में बारिश के बाद मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। बीते दो दिन से लोगों को तेज धूप देखने को मिल रही थी। इससे लोगों ने महसूस किया कि अब सर्दी जा रही है। लेकिन गुरुवार सुबह मौसम ने करवट ली और लोगों को एक बार फिर कोहरे और ठंड का एहसास करवा दिया। मौसम विभाग ने एनसीआर में एक हफ्ते तक कोहरे छाए रहने और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होने की संभावना जताई है। जिससे लोगों को एक बार फिर ठंड का एहसास होगा। 21 और 22 जनवरी को मौसम साफ हो गया था। धूप निकलने के कारण लोगों को हल्की गर्मी का एहसास होने लगा था। लेकिन गुरुवार को मौसम का मिजाज बदल गया और लोगों को सुबह के समय कोहरे देखने को मिला और सर्दी बढ़ गई।मौसम विभाग के मुताबिक, एनसीआर के लोगों का अब अगले एक हफ्ते तक कोहरे और तेज हवाओं का सामना करना पड़ेगा। जिसके चलते ठंड फिर बढ़ जाएगी। 23 जनवरी को एनसीआर में अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने 24 जनवरी को अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है। 25 जनवरी को अधिकतम तापमान 20 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहने की संभावना है। 26, 27 और 28 जनवरी को एनसीआर में घना कोहरा छाया रहेगा।

## 7 साल पुराने मामले में राम गोपाल वर्मा को 3 महीने के कारावास की सजा

**मुंबई।** फिल्म (नई दिल्ली) निर्माता और निर्देशक राम गोपाल वर्मा को सात साल पुराने एक मामले में दोषी ठहराया गया है और 3 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। मुंबई की अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर राम गोपाल वर्मा को 3 महीने के कारावास की सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान हाजिर न होने की वजह से चेक बाउंस केस में कोर्ट ने रामगोपाल वर्मा के खिलाफ नॉन वारेंट इश्यू किया है। कोर्ट का ये फैसला उनके नए प्रोजेक्ट सिंडिकेट की घोषणा के पहले आया है। राम गोपाल वर्मा मंगलवार को लगभग सात साल पुराने केस में सुनवाई के दौरान कोर्ट में हाजिर नहीं थे। कोर्ट ने सेक्शन 138 के तहत राम गोपाल वर्मा को आरोपी माना और इस मामले में शिकायतकर्ता को राम गोपाल की तरफ से 3.72 लाख मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है।

## मेरी कॉलेज में कैरियर चॉइस सेमिनार का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली।** मेरी कॉलेज में छात्रों के भविष्य को दिशा देने वाला सेमिनार कैरियर चॉइस आयोजित किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को उनके पेशेवर विकल्पों की जटिलताओं को समझने और सही निर्णय लेने में मदद करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, उद्योग जगत के अनुभवी विशेषज्ञ होस्कोटे श्रीनिवास मूर्ति ने अपनी विविध प्रोफेशनल यात्रा की दिलचस्प कहानियां साझा कीं। उन्होंने आत्म-जागरूकता, जुनून और उद्देश्य के साथ करियर को चुनने की अहमियत पर जोर दिया। अपनी प्रेरक शैली में, मूर्ति ने पारंपरिक करियर विकल्पों से लेकर नए उभरते क्षेत्रों तक, कई संभावनाओं की चर्चा की। उन्होंने छात्रों को यह संदेश दिया कि अपने कौशल, रुचियों और मूल्यों के साथ अपने करियर को इस तरह से जोड़ें जो न केवल आपको उत्साहित करे बल्कि आपको संतोष भी दे।

# गर्भवती महिला को सड़क न होने के कारण खाट पर जन्मा बच्चा, एम्बुलेंस स्टाफ की मानवीयता की सराहना

**भोपाल, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में विकास के तमाम दावों के बीच एक बार फिर जो तशवीरें सामने आई है वो आपको झकझोर देंगी जब एक गर्भवती महिला को रात का अँधेरे में लोगों के कन्धों पर खाट के ऊपर बच्चे को जन्म देना पड़ा। इस मामले में सुखद बात ये है कि माँ और नवजात दोनो मजफूज है। मामला दमोह जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र के डोला गाँव का है यहाँ रहने वाली प्रसूता शारदा अहिरवाल को बीती रात दर्द हुआ उसकी डिलवरी होनी थी। परिजनों ने 108 एम्बुलेन्स को कॉल किया और एम्बुलेन्स भी पहुंच गई लेकिन महिला और एम्बुलेन्स के बीच की दूरी दो किलोमीटर तब भी थी क्योंकि मेन रोड से गावँ तक का दो किलोमीटर का सफ़र एम्बुलेन्स चाह कर भी पूरा नही कर पा रही थी क्योंकि डोला गावँ तक पहुंचने सडक ही नही थी। शारदा दर्द से तड़प रही थी अस्पताल तक जाने एम्बुलेन्स भी खड़ी थी लेकिन सब बेबस थे। इस बीच एम्बुलेन्स के स्टाफ ड्रायवर ने मानवीयता का परिचय दिया ये लोग पैदल ही गावँ तक पहुंचे, पीड़ित महिला को खाट पर लिटाया और जंगली पगडंडी वाले रास्ते से खाट पर लेकर सफर शुरू किया।

महिला एम्बुलेन्स तक पहुंचती उसके पहले ही रास्ते मे महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया। जैसे तैसे खाट पर जन्मे बच्चे और मां को लेकर एम्बुलेन्स तक लाया गया और फिर दोनो को जिला अस्पताल लाया गया जहां महिला को दाखिल कराया गया है। जिला अस्पताल में डाक्टर्स ने दोनो को अपनी देखरेख में रखा है और राहत की बात ये है कि दोनो स्वस्थ्य हैं और फिलहाल खतरे से बाहर हैं। इस पूरे मामले में एम्बुलेन्स के स्टाफ की सराहना पीड़ित महिला का परिवार कर रहा है वहीं हालातो ने फिर व्यवस्था पर सवालिया निशान जरूर लगाएं हैं।

## नालासोपारा में 34 अवैध इमारतों पर चला बुलडोजर

**पालघर ।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा में हाई कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को 34 अवैध इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान इलाके में पोकलेन, जेसीबी और सुरक्षाबलों के 400 जवान तैनात थे। जिले के नालासोपारा पूर्व की अग्रवाल नगरी स्थित लक्ष्मी नगर में डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी के लिए आरक्षित जमीन पर 41 अवैध इमारतें खड़ी कर ली गई थीं। हाई कोर्ट के आदेश और सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से इनकार के बाद वसई विरार शहर महानगरपालिका ने सात इमारतों को पहले ही गिरा दिया था। शेष 34 इमारतों को गुरुवार को ध्वस्त किया गया। मौके पर तैनात एसीपी उमेश माने पाटील ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया, हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार महानगर पालिका के तहत अवैध इमारतों के तोड़े जाने की कार्रवाई आज हो रही है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 50 पुलिस के जवानों का तैनात किया गया है।

# कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी में रतन टाटा को दी जाएगी श्रद्धांजलि



**रांची, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर इस साल झारखंड की झांकी में जाने-माने उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी जाएगी जिनका 86 वर्ष की उम्र में 9 अक्टूबर 2024 को निधन हो गया था। स बार झारखंड की झांकी में मुख्य आकर्षण जमशेदपुर होगा, वह शहर जिसके विकास में रतन टाटा का काफी योगदान रहा था। यह देश के पहले स्टील सिटी के रूप में भी जाना जाता है। स्वर्णरेखा और खरकई नदियों के संगम पर दक्षिण-पूर्वी झारखंड में स्थित जमशेदपुर देश की औद्योगिक शक्ति का प्रतीक है।जमशेदजी टाटा के नाम पर, जिन्होंने 1907 में वहां एक स्टील प्लांट स्थापित किया था, जमशेदपुर झारखंड का सबसे बड़ा शहरी केंद्र और एक महत्वपूर्ण औद्योगिक तथा परिवहन केंद्र है। इस साल की झांकी में झारखंड के विकास में रतन टाटा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया है। झांकी में टाटानगर के नाम से विख्यात जमशेदपुर की औद्योगिक इकाइयों का एक मनोरम दृश्य भी प्रस्तुत किया जाएगा।औद्योगिक उपलब्धियों के साथ-साथ, इस झांकी में झारखंड के पारंपरिक नृत्य रूपों, हस्तशिल्प और कला को भी प्रदर्शित किया जाएगा। आदिवासी कलाकारों द्वारा बनाई गई सोहराई और खोबर पेंटिंग मुख्य आकर्षण होंगी। झारखंड के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की उप निदेशक शालिनी वर्मा ने आईएएनएस को बताया, इस बार हमने रतन टाटा को सम्मानित करने का फैसला किया है। इसके साथ ही हमने महिला सशक्तिकरण को भी दर्शाया है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे वे काम करके रोजगार पैदा करती हैं। उन्होंने कहा, हमने शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित किया है। औद्योगीकरण और शिक्षा, दोनों ही विकसित भारत और विकसित झारखंड को दर्शाते हैं।झांकी के मध्य भाग में पारंपरिक हस्तशिल्प बनाने में लगी ग्रामीण महिलाओं को दिखाया जाएगा, जो विरासत और विकास के एकीकरण का प्रतीक है। यह तत्व दर्शाता है कि झारखंड की परंपराएं और संसाधन किस तरह से राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे रहे हैं, जो विरासत और विकास की थीम को दर्शाता है।सरायकेला का यूनेस्को की विश्व धरोहरों में शामिल छऊ नृत्य को भी झांकी के मुख्य तत्व के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। पौराणिक विषयों पर आधारित यह पारंपरिक नृत्य राज्य की गतिशील सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करेगा। इस साल कर्तव्य पथ पर 15 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियां होंगी। इसके अलावा केंद्र सरकार के विभिन्न विभाग भी इन झांकियों में अपनी उपलब्धियों को दिखाएंगे। झारखंड की झांकी में पिछले कई मौकों पर तसर सिल्क और बाबा बैद्यनाथ मंदिर को दर्शाया जा चुका है।यह झांकी पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा के परिवर्तनकारी विजन के प्रति एक उपयुक्त श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने झारखंड की पहचान और भविष्य को आकार देने में मदद की।

# भाजपा सरकार पर अखिलेश यादव का तीखा हमला कहा- झूठ और लूट की नीति पर चल रही है सरकार

**लखनऊ, 24 जनवरी [एजेंसी]।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नव्व अखिलेश यादव ने भाजपा की सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने भाजपा को झूठी पार्टी करार देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार झूठ और लूट की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जनता को ठगने के लिए हर विभाग और योजना में लूट की है, और उसके द्वारा किए गए सारे वादे सिर्फ झूठ साबित हुए हैं।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों, छात्रों और व्यापारियों से झूठे वादे किए थे, जिनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने किसानों के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि भाजपा ने उनकी आय दोगुना करने का वादा किया था, लेकिन इसके बजाय उनकी आय घट रही है और उन्हें उनकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। गन्ना किसानों का बकाया लगातार बढ़ता जा रहा है और इस साल अभी तक गन्ना मूल्य की घोषणा भी नहीं की गई है।इसके अलावा, अखिलेश यादव ने भाजपा के निवेश और रोजगार के झूठे वादों की भी पोल खोली। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में लाखों करोड़ों रुपये का निवेश लाने और लाखों नौकरियों का वादा किया था, लेकिन इनवेस्टर मीट्स में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और बड़े उद्योगपतियों की उपस्थिति के बावजूद प्रदेश में कोई वास्तविक निवेश नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी जिले में नई फैक्ट्री या कंपनी नहीं खुली, और इसके बजाय प्रदेश के बड़े व्यवसायी कानपुर, लखनऊ समेत अन्य स्थानों से अपना कारोबार बंद कर बाहर जा रहे हैं, जिससे बेरोजगारी बढ़ेगी अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि उसने प्रदेश में कोई ठोस विकास कार्य नहीं किया, जिसे जनता के बीच प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कहा कि अब भाजपा सरकार के दिन गिनने के लिए रह गए हैं, इसलिए वह जनता को भ्रमित करने के लिए झूठी घोषणाएं कर रही है, जिनके लिए कोई बजट नहीं है।अखिलेश यादव ने भाजपा की बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर भी हमला किया और कहा कि भाजपा इन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए प्रोपगैंडा कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 के विधानसभा चुनावों में जनता भाजपा के झूठ और लूट के शासन का अंत करेगी और राज्य में सत्ता परिवर्तन होगा।

# काठमांडू की प्रसिद्ध जगहों को देख खुश हो जाएगा आपका मन, प्रकृति के बीच गुजारें सुकून के पल

अगर आप पार्टनर के साथ कम बजट में भारत से कहीं बाहर घूमने जाना चाहते हैं। तो नेपाल बेस्ट जगह हो सकती है। अन्य विदेशी लोकेशन के मुकाबले नेपाल घूमना सस्ता पड़ेगा। नेपाल के काठमांडू शहर में ऐसी कई फेमस जगहें हैं, जहां पर हर दिन पर्यटकों की भीड़ रहती है। काठमांडू की इन फेमस जगहों पर लोग दूर-दूर से आते हैं। काठमांडू की यह जगहें इतनी ज्यादा अच्छी व खूबसूरत हैं कि आपको यहां पर घंटों रुकने का मन करेगा। प्रकृति के आकर्षक दृश्यों के साथ जंगल के बीच ट्रेकिंग कर आपका दिन बन जाएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको काठमांडू की कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**स्वयंभू मंदिर**



इन जगहों के अलावा आप स्वयंभू मंदिर में भी परिवार, दोस्तों या फिर पार्टनर के साथ दर्शन के लिए जा सकते हैं। काठमांडू से करीब 2 किमी दूर वेस्ट में यह मंदिर स्थित है। इस मंदिर को लोग बंदर मंदिर के नाम से जानते हैं। काठमांडू घाटी के ऊपर एक पहाड़ी पर स्वयंभू मंदिर स्थित है।



**गार्डन ऑफ ड्रीम्स**

बता दें कि सपनों के इस बगीचे की खूबसूरत देख आपका मन मोहित हो जाएगा। यह काठमांडू का एक फेमस लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। आप यहां पर आकर सुकून के दो पल बिता सकते हैं। इस गार्डन को 1920 के दशक में बनाया गया था।

आप जैसे ही इस गार्डन में एंट्री करेंगे, तो आपको यहां पर हरी घास, रंग-बिरंगे फूल और फव्वारे लगे दिखेंगे। काठमांडू एक व्यस्त शहर है और शांति का एहसास करने के लिए आप यहां आ सकते हैं।

**तौदाहा झील**

काठमांडू से लगभग 6 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में तौदाहा झील स्थित है। इस झील का पानी शांत और मीठा है। हरी-भरी पहाड़ियों और दलदली भूमि वाली इस जगह पर पर्यटकों की भीड़ लगती है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों, पक्षी प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीन लोगों के लिए काफी अच्छी है।

**पशुपतिनाथ मंदिर**



बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर दुनिया के सबसे अच्छे मंदिरों में से एक है। यह मंदिर काठमांडू शहर के केंद्र से लगभग 5 किलोमीटर पूर्व में है। इस मंदिर में दर्शन के लिए आने के लिए आपको बस, टैक्सी या फिर निजी

## तेजस्वी प्रकाश जैसी ग्लोइंग स्किन चाहिए, तो एक्ट्रेस का बताया हुआ होममेड फेस पैक कैसे बनाएं

टेलीविजन इंडस्ट्री और बिग बॉस 15 फेम एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। एक्ट्रेस अपनी बेदाग खूबसूरती के लिए फैंस के बीच सबसे ज्यादा पॉपुलर है। तेजस्वी की खूबसूरती के उनके फैंस भी दीवाने है। क्या आप भी उनके ग्लोइंग त्वचा का राज



जानना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। तेजस्वी प्रकाश ने अपनी बेदाग खूबसूरत त्वचा का सीक्रेट सोशल मीडिया पर शेयर किया। अब आप भी दमकती त्वचा पाने के लिए घर पर बना सकते हैं यह सीक्रेट होममेड फेस पैक। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बनाएं।

होममेड फेस पैक बनाने के लिए जरुरी चीजें

दो बड़े चम्मच बेसन

एक चम्मच दही

**कैसे बनाएं ये फेस पैक**–इस पैक को बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन और 1 चम्मच दही डालकर अच्छे से मिला लें। इस पैक को लगाने से कई फायदे मिलते हैं। जैसे कि बेसन एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट है। बेसन से त्वचा को साफ करने से त्वचा में रंगत आती है। इतना ही नहीं, बेसन त्वचा से मुंहासों, काले धब्बों और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है।

फेस पैक को यूज करने का तरीका

इस फेस पैक को चेहरे और गर्दन पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद आप फेस पैक को पानी से धो लें।



## कांपते हाथों से आईलाइनर कैसे लगाएं? इन ट्रिक्स से अप्लाई करें परफेक्ट आईलाइनर

चेहरे की खूबसूरती में आंखें चार चांद लगाती हैं. आंखों को ज्यादा अट्रैक्टिव बनाने के लिए महिलाएं आईलाइनर का इस्तेमाल करती हैं. इसे लगाने से न केवल आंखें खूबसूरत नजर आती हैं बल्कि देखने में बड़ी भी लगती हैं. कॉलेज हो या फिर ऑफिस बहुत सारी लड़कियां और महिलाएं डेली रूटीन में भी आईलाइनर लगाना पसंद करती हैं. लेकिन कुछ लोगों के आईलाइनर लगाते समय हाथ कांपते हैं. अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आप यहां बताई ट्रिक्स को अपनाकर परफेक्ट आईलाइनर लगा सकती हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

**फ्लैग स्टीकर का करें यूज**

अगर आपके हाथ भी लाइनर लगाते समय कांपते हैं या फिर आप खुद से आईलाइनर अप्लाई नहीं कर पाते हैं, तो आपको फ्लैग स्टीकर का यूज करना चाहिए. इससे आईलाइनर लगाना आसान हो जाता है.

**लिक्विड की जगह लगाएं पेंसिल आईलाइनर**

अगर आपको लाइनर लगाना सही से नहीं आता है तो हमेशा पेंसिल आईलाइनर का इस्तेमाल करें. क्योंकि शुरुआत में लिक्विड लाइनर को लगाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है.

**छोटे-छोटे हिस्सों में लगाएं**

आईलाइनर लगाने में जल्दबाजी बिल्कुल न करें. इससे यह खराब हो सकता है. इसलिए हमेशा छोटे-छोटे हिस्सों में आई लाइनर लगाएं.

कोहनी का सहारा लेकर लगाएं आईलाइनर

हाथ कांपने पर कोहनी का सहारा लेकर आईलाइनर लगाएं. इससे आपके हाथ स्थिर रहेंगे. अपने हाथों को रिलैक्स रखें और आराम से आंखों पर आईलाइनर लगाएं.

# अगर एक महीने तक दूध वाली चाय छोड़ देंगे तो शरीर में दिखेंगे ये बदलाव, यकीन नहीं करेंगे आप!

आजकल ज्यादातर लोगों की सुबह की शुरुआत चाय से होती है. अगर सुबह की शुरुआत एक कप गर्म दूध वाली चाय से होती है तो पूरा दिन फ्रेश- फ्रेश महसूस होता है. लेकिन क्या आपको पता हैं कि दूध वाली चाय आपकी सेहत पर क्या असर डाल सकती है? अगर आप एक महीने दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो आपके शरीर में किस तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं आइए जानते हैं एक्सपर्ट से इसके बारे में विस्तार से...

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीयेंगे तो क्या होगा-

मोटापा कम हो सकता है

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो इससे आपका वजन कम करने में मदद मिलेगी. क्योंकि दूध वाली चाय में मौजूद कैलोरी और चीनी वजन बढ़ने का एक बड़ा कारण है. दूध वाली चाय कम करने से आपका कैलोरी का सेवन कम हो जाएगा,



जिससे वजन घटाने में मदद मिलेगी.

पाचन में सुधार होगा

दूध वाली चाय में मौजूद कैफीन और टैनिन आपके पाचन को स्लो कर सकते हैं और एसिडिटी की समस्या को बढ़ा सकते हैं. ऐसे में दूध वाली चाय कम पीने से आपका पाचन तंत्र बेहतर हो सकता है और एसिडिटी की समस्या कम होती है.

स्किन हेल्दी और चमकदार दिखेंगे

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो आपके स्किन हेल्दी और चमकदार दिखते हैं. दूध वाली चाय में मौजूद शुगर त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है और मुंहासे पैदा कर सकती है. ऐसे में दूध वाली चाय कम पीने से आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार दिखेगी.

दिल के लिए फायदेमंद

दूध वाली चाय पीने से भी हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है. इसलिए दूध वाली चाय न पीने से हृदय स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है.

## विंटर में रोजाना सुबह गर्म पानी में नींबू मिलाकर पीने से शरीर को मिलते हैं गजब के बेनिफिट्स

विंटर सीजन में गर्म और आरामदायक रहने की मांग करता है। दिन की अच्छी शुरुआत के लिए आप सुबह के समय गर्म या गुनगुने पानी में नींबू मिलाकर पीना एक हेल्दी ड्रिंक मानी जाती है।

अगर आप सर्दी की सुबह गर्म पानी के साथ नींबू पानी पीते हैं तो शरीर को कई फायदे मिलते हैं। विंटर में खुद को स्वस्थ रखने के लिए गर्म पानी के साथ नींबू का पानी जरुर पीना चाहिए।

नींबू में सबसे ज्यादा विटामिन सी की मात्रा पाई जाती है। सर्दियों के दौरान, जब सर्दी और फ्लू होने का खतरा ज्यादा रहता है, तो ऐसे में विटामिन सी का सेवन बढ़ाने से आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद मिल सकती है। एक अध्ययन के मुताबिक, विटामिन सी श्वसन संक्रमण की अवधि और गंभीरता को कम करने में मदद मिल सकती है। इसलिए अपने दिन की शुरुआत गर्म नींबू पानी से करें।

नींबू के साथ गर्म पानी स्वस्थ पाचन को बढ़ावा दे सकता है। नींबू के रस क जो गैस्ट्रिक एसिड के उत्पादन को प्रोत्साहित करने में मदद करती है, जो भोजन को पचाने के लिए आवश्यक है। जर्नल ऑफ क्लिनिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि बेहतर पाचन से सूजन और असुविधा सहित अपच के लक्षणों को कम किया जा सकता है। इस मिश्रण को खाली पेट पीने से आपके पाचन तंत्र को अगले दिन के लिए तैयार करने में मदद मिल सकती है। सर्दी के समय खुद को हाइड्रेट रखना काफी महत्वपूर्ण रखना जरुरी है। बाहर की ड्राई हवा और ठंडे मौसम से डिहाइड्रेशन हो सकता है। सुबह गर्म नींबू पानी पीने से बॉडी का समग्र कल्याण होता है।

## शब्द सामर्थ्य -306


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।


**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 305 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |



## मोनालिसा की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर मचाया धमाल, कैमरे सामने दिए किलर पोज

भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी अदाओं से लोगों के दिलों पर खंजर चलाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से फैंस के बीच कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉट अदाओं को देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी खूबसूरती और ग्लैमरस लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर अक्सर तबाही मचाती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में मोनालिसा की हॉटनेस देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने पिंक कलर की फ्लोरल इंडो-वेस्टर्न ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं।

खुले बाल, माथे पर बिंदी, गले में नेकलेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपने परफेक्ट बॉडी कर्व्स कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करती हुई फैंस को दीवाना बना रही हैं।

मोनालिसा सोशल इन दिनों भले ही टीवी शोज में दिखाई नहीं दे रही हो, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।



## मुंबई में ठिकाना ढूंढने भटक रही यामिनी मल्होत्रा, सोशल मीडिया पोस्ट में बयां किया अपना दर्द

बिग बॉस 18 की कंटेस्टेंट रहीं यामिनी मल्होत्रा इन दिनों मुंबई में रहने के लिए घर की तलाश कर रही हैं। यामिनी दिल्ली से मुंबई शिफ्ट होना चाहती हैं लेकिन उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर बताया है कि उन्हें कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, बिग बॉस 18 के बाद यामिनी अब मुंबई में रहना चाहती हैं लेकिन उन्हें रहने के लिए छत नहीं मिल रही है। वह पिछले कई दिनों से घर की तलाश कर रही हैं लेकिन कोई भी उन्हें अपने घर में किराए पर रहने नहीं दे रहा है। इन सब चीजों से परेशान होकर यामिनी ने अब सोशल मीडिया का सहारा लिया है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया है कि उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यामिनी ने सोशल मीडिया पर जो तस्वीर जारी की है उसमें उन्होंने लिखा है कि उन्हें कुछ ऐसा शेयर करना पड़ रहा है जो उनके लिए काफी निराशाजनक रहा है। यामिनी ने लिखा- जितना मैं मुंबई से प्यार करती हूं, यहां फ्लैट मिलना उतना ही मुश्किल होता जा रहा है। मुझसे सवाल पूछे जा रहे हैं कि मैं हिंदू हूं या मुसलमान, गुजराती हूं या मारवाड़ी।

जैसे ही लोगों को पता चलता है कि मैं एक्ट्रेस हूं, वे सीधे मना कर देते हैं। यामिनी ने आगे एक सवाल लिखा कि क्या एक्टर होने के नाते मैं घर खरीदने के लायक नहीं हूं। यह बहुत ही आश्चर्यजनक बात है कि साल 2025 में भी लोग आपसे ऐसे सवाल पूछते हैं। क्या हम वाकई मुंबई को सपनों का शहर कह सकते हैं अगर ये सपने कुछ शर्तों पर पूरे हों।

# भाजपा का मेयर चेहरा होंगी आरती कांग्रेस के पत्ते खुलना अभी बाकी

## नगर निगम के छठवें चुनाव के लिए मतदान 11 फरवरी को



**कोरबा।** नगरपालिक निगम कोरबा के छठवें चुनाव अगले महीने होने जा रहे हैं भाजपा से महापौर पद के लिए चार दावेदार बताए जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि साकेत नगर की पार्षद आरती अग्रवाल को पार्टी उम्मीदवार घोषित कर सकते हैं। उनका नाम लगभग फाइनल माना जा रहा है। वहीं कांग्रेस की ओर से तीन दावेदारों का पैनल आगे भेजा गया है। इसी में से कोई एक भाजपा के सामने मैदान में होगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री उषा तिवारी का नाम इस कड़ी में सबसे आगे है। नगर निगम के इससे पहले हुए चुनाव की तरह इस बार भी प्रमुख पार्टी के प्रत्याशी को 5 से 7 करोड रुपए जीत के लिए खर्च करने पड़ सकते हैं।

1998 में मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कोरबा को भंग करने के साथ नगर निगम का गठन किया गया था। इन वर्षों में अब तक निगम के पंच चुनाव। प्रथम तीन चुनाव में भाजपा के श्याम कंवर, लखन देवांगन और जोगेश लांबा महापौर निर्वाचित हुए। जबकि बांध के दो चुनाव में कांग्रेस के रेनू अग्रवाल और राजकिशोर प्रसाद को मेयर बनने का अवसर मिला। यह छटवा चुनाव होने जा रहा है। इसके लिए प्रदेश की सत्ता संभाल रही भारतीय जनता पार्टी हर हाल में कोशिश कर रही है कि नगर निगम में उसका महापौर निर्वाचित हो। जबकि विधानसभा चुनाव में कोरबा सीट गवाने वाली कांग्रेस नगर निगम पर अपना कब्जा बरकरार रखने की मानसिकता में है। इस इस तरह से दोनों ही पार्टियों नगर निगम के चुनाव को लेकर काफी गंभीरता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। खबरों के अनुसार नगर निगम कोरबा में महापौर पद को लेकर भाजपा संगठन के पास पार्षद ऋतु चौरसिया, आरती अग्रवाल, महिला मोर्चा के अध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी और अन्य के नाम आए। अपने कामकाज और उपलब्धि के आधार पर इन्होंने पार्टी से महापौर पद के लिए टिकट देने की मांग की। कहां जा रहा है कई प्रकार की एप्रोच और समीकरण को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने नगर निगम कोरबा से महापौर के चुनाव के लिए आरती के नाम को आगे रखा है।

इस प्रकार के दावे किए जा रहे हैं कि संगठन की ओर से अधिकृत घोषणा होना बाकी है जबकि नाम लगभग फाइनल हो चुका है। कांग्रेस संगठन के लिए भी नगर निगम कोरबा का चुनाव प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है। सबसे हैरानी की बात यह है कि आर्थिक रूप से सक्षम उम्मीदवार के तौर पर उसके पास उषा तिवारी और रेखा त्रिपाठी के ही नाम आए हैं। जबकि जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सपना चौहान की ओर से भी इस पद के लिए दावेदारी की गई है। कहा जा रहा है की नीतिगत रूप से भाजपा दमदार कैंडिडेट की तलाश पहले से कर रही थी ताकि चुनाव के मैदान में अच्छी टक्कर दी जा सके। संभावना है कि आज अथवा कल भाजपा के नाम की घोषणा कर सकती है और इस स्थिति में इंतजार रहेगा कि उसके मुकाबले कांग्रेस किस चेहरे को यहां से मैदान में उतारती है। याद रहे एक दिन पहले ही कांग्रेस संगठन की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा को कोरबा भेजा गया था जिन्होंने दावेदारों से एक-एक कर बातचीत की थी।


### सूची जारी करने वाले सक्रिय

कोरबा जिले में नगर पालिक निगम से लेकर विभिन्न नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र से प्रमुख राजनीतिक दलों ने अभी पार्षद पद के प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। लेकिन कई स्तर से बोगस सूची तैयार करने के साथ इस सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जा रहा है। यहां तक की लोग एडवांस में ही प्रत्याशियों के लिए समीकरण बन रहे हैं और उनकी हार जीत के दावे भी करने लगे हैं।

### रणनीतिकार चले गए कुंभ नहाने

निकाय चुनाव को लेकर कई जगह दिलचस्प मामले भी सामने आ रहे हैं। खबरों के अनुसार नगर निगम कोरबा के मुड़ापार अजा वार्ड से भाजपा की ओर से स्थानीय इकाई ने हेमन्त चौहान का सिंगल नाम आगे भेजा था। जब निर्णय की बारी आई तो उनके लिए रणनीति बनाने वाले लोग कोरबा में रहने के बजाय महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज चले गए। खबर है कि इस वार्ड से भाजपा की टिकट हथियाने के लिए रामकृष्ण चौहान कोशिश कर रहे हैं जो आरएसएस ज़ोन के निवासी है।

# अपनी जमीन की चिंता नहीं नगर निगम को, हो रहा कब्जा



**कोरबा।** ऐसा लगता है कि म्युनिसिपल कॉरपोरेशन कोरबा को पानी टंकी जोन के आसपास के क्षेत्र में मौजूद अपनी जमीन की सुरक्षा को लेकर चिंता नहीं है। शारदा विहार वार्ड में अटल आवास के किनारे खाली पड़ी जमीन लगातार अतिक्रमण की शिकार हो रही है। लगातार जानकारी मिलने के बाद भी ऐसे मामलों में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किया जाना समझ से परे हैं।

पिछले वर्षों में नगर पालिका निगम के द्वारा इसी क्षेत्र से होकर लगभग 5 करोड रुपए का नाला कलवर्ट तैयार कराया गया है। नाला के दूसरी तरफ अटल आवास है और पीछे हिस्से में खाली जमीन है। इस अवैध रूप से अपने कब्जे में लेने का काम व्यापक पैमाने पर चल रहा है। आए दिन इसी मामले को लेकर यहां खींचतान की स्थिति बनी हुई है और मारपीट तक की नौबत पेश आ रही है। इसी तरह से शारदा विहार रेलवे क्रॉसिंग से होकर चिमनीभट्ठा की तरफ जाने वाले रास्ते पर भी अवैध कब्जा के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। लोगों को लग रहा है कि आने वाले समय में किसी भी तरीके से इस जमीन को या तो अपना कर लिया जाएगा या फिर इसे दूसरों को बेंचने की कोशिश भी की जाएगी। इसलिए वे लगातार इस क्षेत्र की खाली पड़ी जमीनों को अपने कब्जे में लेने के लिए पूरा जतन कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि अवैध कब्जा के मामले में नगर निगम के लोग सही समय पर उचित कार्रवाई नहीं कर रहे हैं इसलिए भी ऐसे प्रकरण कम होने के बजाय बढ़ रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि जब कोरबा क्षेत्र में ही दूसरे स्थान पर अतिक्रमण को लेकर एक्शन लिया जा रहा है तो फिर शारदा विहार मुख मार्ग और अटल आवास के इलाके को किस लिए छोड़ दिया गया है।

# घोटमार के ग्रामीण आज भी पीते है ढोढ़ी का पानी

## बोर व हैंडपंप का पानी सेवन से बीमारी का डर

**कोरबा।** ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कोरबा विकास खंड के गेराव ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम घोटमार में लोगों को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के वास्ते हैड़पंप , बोर तथा जल जीवन मिशन के तहत हर घर में पानी पहुंचाने के लिए टंकी की स्थापना करने के साथ ही नलों का जाल बिछाया है। बावजूद इसके यहां के ग्रामीण आज भी ढोढ़ी का पानी पीते है।

ग्रामीणों का मानना है कि वें ढोढ़ी के अलावा अन्य स्थान का पानी सेवन करते है तो बीमार पड़ जाते है। इसे अजमाने के लिए कई बार उन्होंने गांव में स्थापित हैड़पंप, बोर व नल का पानी पीकर प्रयोग किया। लेकिन हर बार किसी न किसी प्रकार की बीमारीके शिकार हो गए । फलस्वरूप सभी ने ढोढ़ी के पानी का सेवन करने का फैसला किए जिसे उनके दादा देश परदादा के जमाने से पीते आ रहे है। गांव की महिलाएं सुबह नहाने धोने के पश्चात तत्काल घड़ा, कुण्डी व अन्य बर्तन लेकर पानी लेने ढोढ़ी की ओर रवाना हो जाती है यह सिलसिला बारहोमाह चलता है। ढोढ़ी गांव से आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहां जाने का मार्ग काफी दुर्गम है। इसे कांक्रेटिग बनाने के लिए कई बार ग्रामीणों ने सरपंच सहित अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों से मांग की लेकिन आज तक इस बनाने के लिए किसी ने भी ध्यान नही दिया।

फलस्वरूप पकडंडी व अन्य रास्ते साहरे एक कठिन परिश्रम कर पेयजल की वयवस्था करने को मजबूर है।

# चलें संभलकर, राष्ट्रीय राजमार्ग पर 9 जगह ब्लैक स्पॉट

**कोरबा।** कहा गया है कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। कई बार यह सच साबित हुआ है। इसलिए वाहन चालकों से उम्मीद की जाती है कि वह किसी भी सड़क पर वाहन चलाने के दौरान सतर्कता का विशेष ध्यान रखें। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस ने लोगों को अवगत कराया है कि कोरबा जिले में विभिन्न मार्गों पर 21 ब्लैक स्पॉट आईडेंटिफाई किए गए हैं इनमें से अकेले 9 ब्लेक स्पॉट नेशनल हाईवे संख्या 130 बी पर है।

ट्रैफिक पुलिस कोरबा के द्वारा सड़क सुरक्षा को मजबूत करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान कोरबा जिले में कुल 21 ब्लैक स्पॉट्स की पहचान की गई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई एवं सड़क मित्रों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण और हेलमेट वितरण किया गया।कोरबा जिले में कुल 21 ब्लैक स्पॉट्स की पहचान की गई, जहां सड़क दुर्घटनाओं की संभावना अधिक रहती है। इनमें से 9 ब्लैक स्पॉट्स राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हैं।

यह अभियान सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यातायात पुलिस इस प्रकार के कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखेगी।

### एनएच 130 पर 9 ब्लैक स्पॉट्स

- 6 बागों थाना क्षेत्र में
- 2 पाली थाना क्षेत्र में
- 1 कटघोरा थाना क्षेत्र में
- ? अन्य 12 ब्लैक स्पॉट्स
- 4 उरगा थाना क्षेत्र में
- 2 पसान थाना क्षेत्र में
- 3 सिविल लाइन थाना क्षेत्र में
- 1 कोतवाली थाना क्षेत्र में
- 1 बालको थाना क्षेत्र में
- 1 दीपका थाना क्षेत्र में

### ब्लैक स्पॉट का क्राइटेरिया

- तीन वर्षों में किसी स्थान पर कम से कम पाँच गंभीर सड़क दुर्घटनाएँ होना। अथवा इन दुर्घटनाओं में कम से कम दस मृत हुए हों।
- ऐसे स्थान जहाँ सड़क डिज़ाइन, मोड़, खराब संकेत व्यवस्था, अंधे मोड़ या अन्य कारणों से दुर्घटनाएँ अधिक होती हैं।
- यातायात पुलिस इन ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक, साइनेज, गति सीमा नियंत्रण और अन्य सुधारात्मक उपाय लागू करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर रही है।

### यह अपेक्षा है लोगों से

सड़क पर यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग करें। ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष सावधानी बरतें और गति सीमा का पालन करें। नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा न करें। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सहायता करें और आपातकालीन सेवाओं को सूचित करें।

## निःशुल्क नेत्र परीक्षण व आपरेशन 28 को होगा जैन भवन में

**कोरबा।** रोटरी क्लब का कोरबा के तत्वाधान में एमजीएम नेत्र अस्पताल के द्वारा 28 जनवरी को जैन भवन कोरबा पुराना बस स्टैंड में नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के प्रतिष्ठित मित्र विशेषज्ञ इस कैम्प में अपनी सेवाएं देंगे। रोटरी क्लब की ओर से बताया गया कि सुबह 10:30 बजे से कैंप प्रारंभ होगा और शाम 6:00 बजे तक चलेगा। यहां पर सभी प्रकार की सेवाएं लोगों को निशुल्क प्राप्त होंगे। विभिन्न मामलों में पीड़ितों को दबाए और चश्मे भी प्रदान करने की व्यवस्था की जा रही है। आयोजक संस्था ने लोगों से अपील की होगी नेत्र संबंधी परेशानी होने पर वे अग्रिम पंजीयन कारण ताकि संबंधित तारीख को उन्हें यथा समय सुविधा प्राप्त हो सके

# पाईप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे से हादसे का डर



**कोरबा।** नवीन पाइपलाइन बिछाए जाने के लिए शारदा विहार मुख्य मार्ग पर पार्क के सामने खोदे गए गड्ढे को यूं ही छोड़ दिया गया है। इसके कारण दुर्घटना का डर बना हुआ है। लोगों की मांग है कि अव्यवस्था को दूर करने के लिए जल्द काम होना चाहिए।

1 महीने से इस प्रकार की स्थिति शारदा विहार मुख्य मार्ग स्थित पार्क के ठीक सामने बनी हुई है। नवीन पाइपलाइन बिछाने के लिए चल रहा है जिसकी गति काफी कम है।। जगह-जगह सड़क और दूसरे हिस्सों को खोद दिया गया है। मौके पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। लोगों को सचेत करने के लिए उनके आसपास किसी प्रकार का अलर्ट नहीं लगाया गया है। रात में मवेशी से लेकर लोगों का गिरना पड़ना जारी है। अब तक यहां पर कई मामले सामने आ चुके हैं इसके बावजूद गड्ढे को पाटना जरूरी नहीं समझा गया।

# रूचिकर चीजों की कमी से मोहभंग हुआ किसानों का किसान मेले से

## एक पखवाड़ा तक मेला ग्राउंड में हो रहा आयोजन



**कोरबा।** अलग-अलग मामलों में नाम की अपनी महिमा होती है और इसके पीछे के सिद्धांत को लेकर लोग काफी गंभीरता दिखाते हैं। यह सबसे अलग हटकर कोरबा जिले के सब डिवीजन कटघोरा में प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले किसान मेला का किसानों से कोई लेना देना है ही नहीं। मेले में ना तो उनके लिए ऐसी कोई विषय वस्तु होती और ना ही किसान यहां पहुंचते हैं। गणतंत्र दिवस से प्रारंभ होने वाले इस मेले की तैयारी को लेकर अधिकारियों ने निरीक्षण किया और जानकारी ली।

लगभग 35000 की आबादी वाले कटघोरा अनुविभागी मुख्यालय के मेला ग्राउंड में पिछले कई वर्षों से किसान मेला जनवरी और फरवरी के मध्य में लगता रहा है। इसकी परंपरा काफी पुरानी बताई जाती है। स्थाई लोग बताते हैं कि वर्षों पहले जब मेला शुरू हुआ तो इसमें निश्चित रूप से किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित हुआ करती थी। खेती किसानी का कामकाज पूरा होने के बाद किसानों को कुछ समय मनोरंजन के लिए देने के इरादे से इस परंपरा की शुरुआत की गई। कई प्रकार के आयाम इसमें शामिल किए गए। विभिन्न वर्गों की सुविधाओं का ख्याल रखा गया लेकिन बताया जा रहा है कि पिछले कुछ साल से कई प्रकार के परिवर्तन इस मेले में हुए हैं। बच्चों से लेकर युवाओं और उम्रदराज वर्ग को लेकर जरूर यहां पर प्रेजेंटेशन हो रहा है लेकिन मूल विषय किस पूरे मेले से गायब है। उनसे संबंधित दुकान और स्टॉल यहां पर नहीं लगते हैं और ना ही किसान अब यहां आते हैं। ऐसे में मेले के नाम की सार्थकता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

यह बात अलग है कि 26 जनवरी 2025 से इस मेले की शुरुआत हो रही है जो 10 फरवरी 2025 तक चलेगा सब डिवीजन के प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने मेरा स्थल पहुंचकर यहां की तैयारी का जायजा लिया। अधिकारियों ने देखा की दुकानों का आवंटन सही तरीके से हुआ है या नहीं और जो व्यवस्था यहां पर की जा रही है उनमें कोई कमी तो नहीं है। मेला स्थल पर पानी, बिजली से लेकर दूसरी बुनियादी जरूरत को देखने के साथ इसकी औपचारिक समीक्षा की गई। इस बात पर भी जोर दिया गया है मेला देखने के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार से समस्या न होने पाए।

### जेबकतरों पर रहेगी नजर

किसान मेला में हर वर्ष काफी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठे होते हैं। कटघोरा नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग यहां पर पहुंचते हैं और मेला में आनंदित होते हैं। स्वाभाविक रूप से भीड़भाड़ वाली जगह पर चोर उचक्के और जेबकतरे सक्रियता दिखाते हैं इसलिए पुलिस की नजर ऐसे तत्वों पर लगातार रहेगी।

**-धर्म नारायण तिवारी, थाना प्रभारी कटघोरा**

# कमरानपारा में कार्यकर्ता के घर संचालित हो रहा आंगनबाड़ी केंद्र

## भवन हुआ जर्जर

**कोरबा।** गेराव ग्राम पंचायत के आश्ररित ग्राम बताती के कमरानपारा में स्थित आंगनबाड़ी भवन जर्जर हो गया है और अब तब गिरने की स्थिति में है। इस भवन को सुधारने के लिए अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया।

फलस्वरूप यहां अपने वाले बच्चों को संभावित खतरो को भापते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने आंगनबाड़ी केन्द्र को अपने निवास स्थानतरित कर दिया है। जहां आंगनबाड़ी की कक्षाएं अब कार्यकर्ता के घर पर ही लगती है हर रोज बच्चे पहुंचते ही उन्हें पढ़ाई के साथ ही अपने सहायिका के माध्य से माध्यान भोजन व रेडीटूईट का पोष्टिट आहर प्रदान करती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता । यह सिलसिला विगत वार वर्षो से चल रहा है। कमरानपारा केन्द्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि भवन के जर्जर होने की जानकारी उन्होंने कई बार अपने अधिकारियों के अलावा सरपंच व सचिव को भी देते हुए इसके मरम्मत किए जाने अथवा नया भवन बनानेकी मांग उनके द्वारा की गई ।

लेकिन किसी ने भी इसे गभीरंता से नही लिया और कोई कदम नही उठाया। उन्होंने आंगनबाड़ी भवन की आवश्यकता जताई है। ताकि आंगनबाड़ी का संचालन सुचारू ढंग से किया जा सके ।

## कोयला चोरी रोकने ट्रैकिंग सिस्टम की मदद

**कोरबा।** एसईसीएल कोयला उत्पादन, डिस्पैच के साथ परिवहन में अत्याधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है। ओपन और भूमिगत खदानों में नई तकनीक से उत्पादन बढ़ाने की कवायद हो रही है, तो दूसरी ओर कोयला परिवहन में भी आधुनिकता का समावेश किया गया है। इसके लिए कंपनी ने 1157 वाहनों को ट्रैकिंग सिस्टम से लैस कर दिया है। जिससे वास्तविक समय पर निगरानी की सुविधा मिल रही है। इससे कोयला चोरी और अफरातफरी पर अंकुश लगने की पूरी संभावना है। एसईसीएल की खदानें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में स्थित है। भूमिगत और ओपन कास्ट की खदानों से कोयला उत्पादन हो रहा है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com